दैनिक

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

RNI. No. 69062/94

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का समाचार पत्र

# प्रभात परिक्रमा

वर्ष: 30 | अंक: 237 | भोपाल, गुरुवार 11 सितंबर 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1 रुपए

आवश्यकता है

दैनिक प्रभात परिक्रमा समाचार पत्र को प्रदेश के सभी जिलों एवं तहसील स्तर पर संवाददाता एवं एजेंटों की आवश्यकता है

: संपर्क :

9425023929

## भोपाल समेत कई जिलों में हल्की बारिश नर्मदापुरम में तवा डैम के 5 गेट खोले

### मध्यप्रदेश में 15 सितंबर के बाद लौटेगी बरसात

नगर प्रतिनिधि | भोपाल



मध्यप्रदेश में लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ का सिस्टम कमजोर हो गया है। इस वजह से कुछ ही जिलों में बारिश का दौर है, बाकी जिलों में धूप निकल रही है। ऐसा मौसम 15 सितंबर तक रहेगा। इसके बाद स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से पूरे प्रदेश के भीगने का अनुमान है।

प्रदेश में बुधवार को हल्की बारिश का दौर रहा। बालाघाट के मलाजखंड में पौन इंच से ज्यादा बारिश हुई तो छिंदवाड़ा में आधा इंच पानी गिर गया।

भोपाल, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, खजुराहो, सीधी में भी हल्की बारिश हुई। डिंडौरी में थोड़ी देर तेज बारिश हुई। इटारसी में कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश के कारण तवा डैम का जलस्तर 1166 फीट तक पहुंच गया है। इसके मद्देनजर तवा डैम के 5 गेट 5-5 फीट खोले गए हैं। इनसे 26,034 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

मौसम विभाग ने मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे में ढाई से साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि मानसून ट्रफ प्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। वहीं, अन्य सिस्टम प्रदेश से काफी दूर हैं। इस वजह से कुछ जिलों में बारिश का दौर बना हुआ है।

### पचमढ़ी में साढ़े 3 इंच बारिश

मध्यप्रदेश के 13 से अधिक जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश का दौर रहा। पचमढ़ी में साढ़े 3 इंच बारिश हो गई। भोपाल में 1.7 इंच, सागर में 1.2 इंच पानी गिरा। रायसेन, दमोह, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, नरसिंहपुर, उमरिया, बैतूल, मंडला, नर्मदापुरम और सतना में भी बारिश हुई।

**भोपाल में भदभदा का एक, कलियासोत डैम के दो गेट खुले:** इससे पहले मंगलवार दोपहर करीब एक बजे भदभदा डैम का एक गेट खोल दिया गया। शाम तक डैम से 7 एमसीएफटी पानी छोड़ा गया। इससे पहले 6 सितंबर को भी बड़े तालाब का जलस्तर 1666.80 फीट तक पहुंचने पर एक गेट खोला गया था। कलियासोत डैम के दो गेट रात साढ़े 8 बजे खोले गए। उमरिया के जोहिला डैम के भी दो गेट आधे-आधे मीटर तक खोले गए। इधर, तेज बारिश की वजह से भोपाल के कई इलाकों में जलभराव के हालात बन गए। बाणगंगा चौराहे पर सड़क पर काफी पानी भर गया। इससे लोग परेशान होते रहे।

### सिकल सेल अभियान की अवधि बढ़ाएं : राज्यपाल पटेल

## हाट बाजार में सिकल सेल और टीबी की स्क्रीनिंग कराएं: राज्यपाल पटेल

नगर प्रतिनिधि | भोपाल




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हाट बाजारों में सिकल सेल और टीबी की स्क्रीनिंग शिविर लगाए जाने चाहिए जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की छितरी आबादी तक पहुंच हो सके। उन्होंने कहा कि सिकल सेल जाँच के 100 दिवसीय अभियान की उपलब्धियां प्रभावी है और अभियान को 125 दिन तक बढ़ाया जाना चाहिए।

राज्यपाल पटेल राजभवन के जवाहर खण्ड में बुधवार को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष और जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर भी मौजूद थे।

राज्यपाल पटेल ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आगनबाड़ियों के साथ सतत संपर्क पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में आगनबाड़ी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिलों के प्रवास के दौरान वह पीएम जनमन, धरती आबा अभियान, सिकल सेल और टी.बी. रोग की समीक्षा अनिवार्यत- करेंगे। उन्होंने अपेक्षा की है कि जिलों में राज्यपाल के प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल पर टी.बी., सिकल सेल रोग की स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जन प्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करने की भी जरूरत बताई है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सांसद और विधायक निधि से वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि वे सहयोग की जनप्रतिनिधियों से भी अपील करेंगे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता में स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम कड़ी तक पहुंच बहुत महत्वपूर्ण है। समुदाय के बीच पहुंच कर स्वास्थ्य शिक्षा के प्रयास बहुत प्रभावी होते हैं। उन्होंने एकलव्य विद्यालयों में सिकल सेल जांच शिविरों के आयोजन की पहल की सराहना की। जनजातीय छात्रावास के प्राचार्य और शिक्षकों को सिकल सेल रोग के संबंध में सेंसेटाईज करने के प्रयास करने के लिए कहा है।

राज्यपाल पटेल ने आयुर्वेदिक औषधियों की वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने सिकल सेल रोगियों को आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध करवाने को कहा। बताया गया कि विभाग द्वारा चयनित पायलट जिले धार में 1546 और बड़वानी में 1015 रोगियों को सिकल सेल की आयुर्वेदिक औषधियाँ दी जा रही है। प्रदेश में 17 सितम्बर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। सिकल सेल के लिए संचालित 100 दिवसीय अभियान के दौरान सिकल सेल रोगियों को जेनेटिक कार्ड वितरण कार्य बहुत तेज गति से हुआ है। अभियान अवधि में 12 लाख से अधिक कार्ड वितरित हुए है। विभाग द्वारा 1 करोड़ वां कार्ड प्रधानमंत्री द्वारा वितरित करावाने की योजना है। प्रदेश में टी.बी. और सिकल सेल रोग प्रबंधन प्रयासों के परिणामों के बेहतर संकेत मिल रहे हैं। टी.बी. रोगियों के ड्रॉप आउट और मृत्यु दर में कमी दिख रही है। सिकल सेल प्रबंधन से मातृ मृत्यु दर में भी कमी होने की जानकारी मिली है।

बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संदीप यादव, आयुक्त आयुष श्रीमती उमा महेश्वरी, मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सुसलोनी सिडाना, राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव और जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती जमुना भिड़े मौजूद थीं।

## कांग्रेस ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों की दिलाई याद

एजेंसी | नई दिल्ली



देश के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को कांग्रेस ने शुभकामनाएं देते हुए प्रथम उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के प्रथम सभापति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों का स्मरण कराया है। कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर यह संदेश दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट करते हुए लिखा, कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति को बधाई देती है और साथ ही डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रेरक शब्दों को याद करती है। उन्होंने 16 मई 1952 को राज्यसभा के उद्घाटन सत्र में दिए गए डॉ. राधाकृष्णन के ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था— मैं किसी एक दल का नहीं हूं, इसका अर्थ यह है कि मैं इस सदन के हर दल का हूं।

## असम में 10 दिन के भीतर साबित करनी होगी अपनी नागरिकता

**गुवाहाटी।** असम में संदिग्धों को राज्य सरकार ने एक और मौका देने का फैसला किया है। इसके तहत 10 दिन का समय दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि इस निर्धारित अवधि में अपनी नागरिकता साबित करें। असम की हिमंत विस्वा सरमा सरकार ने संदिग्ध विदेशियों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए 10 दिनों का अल्टीमेटम थमाने का फैसला किया है। राज्य की कैबिनेट ने प्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 के तहत विदेशियों को निष्कासित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी है। यानी जो संदिग्ध विदेशी दी गई समय-सीमा के अंदर अपनी नागरिकता साबित करने में विफल रहेंगे, उन्हें जिला आयुक्त निकासी का आदेश दे सकते हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नया एसओपी राज्य सरकार को मौजूदा नागरिकता निर्धारण प्रक्रिया को दरकिनार करने और इसके बजाय ज़िला आयुक्तों को संदिग्ध विदेशियों को यह संतुष्ट करने के लिए 10 दिन की मोहलत देने में सक्षम बनाएगा कि वे भारतीय नागरिक हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद वे लोग ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो जिला उपायुक्त उनके खिलाफ निकासी आदेश जारी कर सकते हैं।

## अमेरिका के बाद अब कनाडा ने खारिज कर दिए 80 प्रतिशत भारतीय छात्रों के वीजा

**नई दिल्ली एजेंसी।** कनाडा और अमेरिका भारतीय छात्रों के लिए पसंदीदा देश रहे हैं, जहां वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए लंबे समय से संघर्ष करते रहे हैं लेकिन इन दोनों देशों के बुरे बर्ताव और भारतीय छात्रों के प्रति उदासीन रवैये की वजह से भारतीय छात्रों का रुझान अब जर्मनी की ओर बढ़ चला है। जर्मनी टॉप पसंदीदा देश बनकर उभरा है। इसकी वजह से कनाडा अब सिर्फ 9 फीसदी छात्रों की पहली पसंद बनकर रह गया है। भारतीय प्रवासी छात्रों और एच-1बी वीजा धारकों पर हाल के दिनों में अमेरिका की ट्रंप सरकार की कठोर कार्रवाई के बाद उसके पड़ोसी देश कनाडा ने भी भारत को करारा झटका दिया है। कनाडा ने 2025 में 80 फीसदी भारतीय छात्रों के वीजा आवेदन रद्द कर दिए हैं। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा के अनुसार, 2025 में कनाडा ने 80 प्रतिशत भारतीय छात्र वीजा आवेदनों को खारिज कर दिया, जो एक दशक में सबसे ज़्यादा है।

## इतने सख्त कानून के बाद भी महिलाओं का हो रहा सेक्सुअल हैरेसमेंट: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि सख्त कानून के बावजूद ऑफिस में महिलाओं के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट अभी भी हो रहा है। क्यों पुरुषों की सोच नहीं बदली है। वर्क-प्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का जम्मू-कश्मीर से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि एक महिला चाहे घर हो या ऑफिस हमेशा डर, शिष्टाचार और माफी के बीच जीती है। उन्होंने कहा कि शेक्सपियर की कविता महिलाओं की जिंदगी को सही ढंग से बयां करती हैं। आगे पंक्तियां पढ़ी, पहले मेरा डर, फिर मेरा शिष्टाचार, और आखिर में मेरी बात। मेरा डर आपका नाराज होना है, मेरा शिष्टाचार मेरा कर्तव्य और मेरी बात आपसे माफी मांगने के लिए। यह मामला जम्मू-कश्मीर के एक सरकारी अधिकारी से जुड़ा है। उसके खिलाफ दिसंबर 2014 में एक महिला ने शिकायत दर्ज कर सेक्सुअल हैरेसमेंट और धमकी देने का आरोप लगाया था। आसिफ हमीद खान ने हाईकोर्ट में अपील दायर करके कहा कि विभागीय जांच में उन्हें पहले ही बरी कर दिया गया है। इसके अलावा, पुलिस ने मामले में क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने उन्हें समन जारी किया है।

### पैसे का लालच दे रहे थे; बाइबिल, भजन संहिता और धार्मिक सामग्री जब्त

## सिंगरौली में धर्मांतरण का आरोप ओडिशा के 5 लोग गिरफ्तार



**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के नवानगर इलाके में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में ओडिशा से आए लोग गरीब बस्तियों में रहने वालों को पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे। संयुक्त मानव अधिकार संगठन और भाजपा नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। संगठन के अध्यक्ष आलोक कुमार शुक्ला के अनुसार, मंगलवार रात निगाही मोड काली मंदिर के पास एक हॉल में 100 से अधिक महिला-पुरुष जमा थे। वहां ओडिशा से आए लोग ईसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे थे। नवानगर थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी ने बताया कि मौके से आपत्तिजनक ग्रंथ और अन्य सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने नाथन नायक, मीणा नायक, अर्पित नायक, पिंकी सोनवानी और नंदन शाह को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ जारी है। इससे पहले भी इस क्षेत्र में धर्मांतरण के मामले सामने आ चुके हैं।

### आरोपी नंबर एक नाथन नायक

आरोपी लगभग 15 साल पहले उड़ीसा से सिंगरौली आया था और नवानगर इलाके में एक छोटी सी कपड़े सिलने की दुकान चल रहा है। इसके अलावा इसी आरोपी ने नवानगर इलाके में नॉर्दर्न कोलफील्ड की जमीन पर अवैध कब्जा करके एक चर्च नुमा भवन भी बना रखा है। वहीं से यह पूरा रैकेट चला रहा था, उसे अवैध चर्च का बिजली कनेक्शन भी इसी आरोपी के नाम पर है।

### आरोपी नंबर दो मीणा नायक

मीणा नायक आरोपी नाथन की पत्नी है। यह महिलाओं के बीच घुल मिलकर धर्मांतरण कराने के लिए उन्हें प्रेरित करती थी।

## नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन: बजट कटौती के विरोध में 1 लाख लोग सड़क पर; 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात

एजेंसी | पेरिस



नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया, प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को ब्लॉक एवरीथिंग नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब फ्रांस के नए प्रधानमंत्री, सेबास्टियन लेकोर्नू अपना कार्यभार संभालने जा रहे हैं। एक दिन पहले फ्रांस्वा बायरू ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

## अरविंद शर्मा हो सकते हैं विधानसभा के नए प्रमुख सचिव: लोकसभा से एमपी विधानसभा में लेकर आए हैं स्पीकर, जल्द होगा फैसला

नगर प्रतिनिधि | भोपाल



मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह इस महीने 30 सितंबर को रिटायर होने वाले हैं और अब उनके पुनर्नियुक्ति की संभावना नहीं है। इसे देखते हुए विधानसभा में सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे अरविंद शर्मा को नया प्रमुख सचिव बनाए जाने की संभावना है। प्रमुख सचिव की नियुक्ति का अधिकार विधानसभा अध्यक्ष को होता है। चूंकि अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ही अरविंद शर्मा को लोकसभा से प्रतिनियुक्ति पर लेकर आए थे, इसलिए उनका प्रमुख सचिव बनना लगभग तय माना जा रहा है। वर्तमान प्रमुख सचिव एपी सिंह को मानसून सत्र के दौरान सदन में स्वयं विधानसभा अध्यक्ष ने विदाई दी थी और विधायकों से शुभकामनाएं दिलाई थीं। इससे यह संकेत स्पष्ट हो गया था कि एपी सिंह का कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। ऐसे में यह माना जा रहा है कि एपी सिंह का कार्यकाल अब नहीं बढ़ेगा और नया प्रमुख सचिव नियुक्त किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा चुनाव के बाद अध्यक्ष बनने के बाद अरविंद शर्मा को लोकसभा से प्रतिनियुक्ति पर लाकर विधानसभा सचिव बनाया था। एक साल की प्रतिनियुक्ति के बाद उनका संविलियन विधानसभा में हो गया।

### Gen-Z के समर्थन का दावा, बीएचयू स्टूडेंट रह चुकीं सुशीला; केपी ओली ने हिंसा को साजिश बताया

## सुशीला कार्की बन सकती हैं नेपाल की अंतरिम पीएम

एजेंसी | नई दिल्ली

नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन बुधवार को तीसरे दिन थम गया। हिंसक प्रदर्शन रोकने के लिए सेना ने मंगलवार रात 10 बजे से पूरे देश का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया।

अंतरिम सरकार बनाने के लिए दिनभर आर्मी और Gen-Z आंदोलनकारियों के बीच बातचीत होती रही। 1997 से 2012 तक पैदा होने वाले लोग Gen-Z कहलाते हैं। लोकल मीडिया में दावा किया गया है कि देश की पहली



महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं। इन्हें तद्दठ्ठ– का समर्थन मिला है। इसके अलावा, रैपर से काठमांडू के मेयर बने बालेन शाह, रबि लामिछाने, कुलमान घिसिंग और हरका संपंग का नाम भी अंतरिम प्रधानमंत्री के तौर पर सामने आया है। हिंसा में अब तक 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 30 मारे जा चुके हैं।

### केपी ओली बोले- नेपाल हिंसा एक गहरी साजिश

पद छोडने के बाद पहली बार पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने बयान दिया है। उन्होंने युवाओं के नाम खुली चिट्ठी लिखकर प्रदर्शन को गहरी साजिश बताया है। उन्होंने कार्यालयों में आगजनी और जेल से कैदियों को छुड़ाने जैसी घटनाओं को पहले से तय बताया।

### विरोध प्रदर्शनों में अब तक 30 की मौत, 1,033 घायल

नेपाल स्वास्थ्य मंत्रालय मुताबिक अब तक देशभर में 30 लोग मरे और 1033 लोग घायल हुए हैं। बुधवार शाम जारी आंकड़ों के मुताबि, 713 घायल अस्पताल से छुट्टी पा चुके हैं, जबकि 55 लोगों को आगे के इलाज के लिए रेफर किया गया है। इसके अलावा 253 लोग नए भर्ती हुए हैं। सबसे ज्यादा मरीज सिविल सर्विस अस्पताल में हैं, जहां 436 लोगों का इलाज चल रहा है। नेशनल ट्रॉमा सेंटर में 161 और एवरेस्ट अस्पताल में 109 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। कुल मिलाकर देश के 28 अस्पताल घायलों का इलाज कर रहे हैं। नेपाल के सिविल सर्विस अस्पताल में 436 घायल मरीजों का इलाज चल रहा है, जो सबसे ज्यादा है। वहीं, नेशनल ट्रॉमा सेंटर में 161 और एवरेस्ट अस्पताल में 109 मरीज भर्ती हैं। देश भर के 28 अस्पताल घायलों का इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इमरजेंसी सर्विस को सक्रिय कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है।

## महागठबंधन में ओवैसी की पार्टी को शामिल करने का फैसला लालू करेंगे!

एजेंसी | पटना



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक के बाद बिहार प्रभारी कृष्णा अलावरू ने बताया कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने महागठबंधन में शामिल होने को लेकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को पत्र लिखा है। इस पर उन्होंने कहा कि यह पत्र लालू को लिखा गया है, इसलिए इस पर वही स्पष्टीकरण देंगे। कांग्रेस का इससे कोई संबंध नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पशुपति कुमार पारस की पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को महागठबंधन में शामिल किए जाने पर भी बात हुई। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बातचीत सकारात्मक है और बहुत जल्द इस पर औपचारिक घोषणा हो सकती है। सीट बंटवारे पर अलावरू ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी सूची राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दी है। इस मुद्दे पर समन्वय समिति में चर्चा जारी है।

## संपादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से नई उम्मीदें

देश में स्वास्थ्य सेवाओं में तमाम कमियों और चुनौतियों के बीच शिशु मृत्यु दर में गिरावट इस बात का संकेत है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आया है। भारत के महापंजीयक की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, सतत विकास लक्ष्यों की ओर देश कदम जरूर बढ़ा रहा है, लेकिन एक बड़ी चुनौती शिशु मृत्यु दर को कम करने की रही है। लंबे समय से मातृ-शिशु देखभाल के लिए नीतियां और योजनाएं भी बनाई जाती रहीं।इस क्रम में प्रसव के दौरान बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने से लेकर टीकाकरण आदि के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किए गए। इसी का परिणाम है कि शिशु मृत्यु दर कम करने में बड़ी कामयाबी हासिल हुई। बुधवार को जारी नमूना पंजीकरण प्रणाली के मुताबिक, देश में शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार पर पच्चीस के निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। एक दशक पहले यह संख्या चालीस थी। इस लिहाज से देखें तो मृत्यु दर में 37.5 फीसद गिरावट बताती है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों और खासकर महिलाओं की पहुंच की स्थिति में सुधार हुआ है।हालांकि, स्वास्थ्य सुविधाओं तक सभी लोगों की पहुंच के मामले में कई स्तर पर असमानता अब भी बनी हुई है और इस तस्वीर में अभी काफी सुधार होना बाकी है, इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिशु मृत्यु दर कम होना महत्त्वपूर्ण है। यहां एक हजार शिशुओं पर यह दर चौवालीस से घट कर अट्ठाईस रह गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में यह दर सत्ताईस से अठारह पर आ गई। इससे स्पष्ट है कि एक ओर जहां स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं, वहीं लोगों के बीच गर्भवती महिलाओं की सेहत और सुरक्षित प्रसव को लेकर जागरूकता बढ़ी है।इसके नतीजे भी सामने हैं। मगर आज भी आबादी के एक बड़े हिस्से के बीच प्रसव के बाद महिलाओं और उनके शिशुओं को निरंतर और पर्याप्त पोषक आहार न मिलने की समस्या बनी हुई है। इस ओर सरकार को ध्यान देना होगा। बहरहाल, कई चुनौतियों के बीच वर्ष 1971 के मुकाबले शिशु मृत्यु दर में अस्सी फीसद की गिरावट भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगाती है।

*रूस एक अमीर देश है। मैं जानता हूं कि वहां के लोग क्या सोचते हैं और उनकी जरूरतें क्या हैं? वहां मेरे लिए रोजगार के बेहतर अवसर होंगे।' उनका यह जवाब मेरे सारे सवालों के उत्तर दे देता है। मैं आगे बढ़ जाता हूं। बातूमी में एक और नौजवान मिलता है, वह बताता है कि हमारे यहां इस समय बेरोजगारी बढ़ रही है और अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है, पर सरकार पश्चिम बनाम मॉस्को के छाया-युद्ध में बीच का रास्ता चुन रही है। मौजूदा हालात में यह उचित भी है।*

# रूसी सीमा पर होने की थरथराहट

**(शशि शेखर)**

भारतीयों को सोचना ही होगा कि हम खुद तेजी से तरक्की करने वाला देश हैं, तो ऐसे में जॉर्जिया जैसे अपेक्षाकृत कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में बसकर हमें भला क्या लाभ होगा? रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच कभी सोवियत संघ का हिस्सा रहे जॉर्जिया की यात्रा रोमांचक और यादगार थी। काकेशस पर्वतमाला की गोद में रूस की दूसरी सीमा पर बसे इस छोटे देश का इतिहास अपने सीने में बड़े दर्द समेटे हुए है। जॉर्जिया के लोगों की बहादुरी के बावजूद 1578 से 1991 तक उन्हें ओटोमन, पर्शियन, रूस की जारशाही और सोवियत अधीनता में रहने को विवश होना पड़ा। यहां के लोग सोवियत संघ के विघटन के समय से खुद को आजाद मानते हैं। क्या विडंबना है! जॉर्जिया 1922 में सोवियत संघ की स्थापना के साथ ही उसका सदस्य बना। इसमें जोसेफ स्टालिन की महत्वपूर्ण भूमिका थी। जॉर्जिया के गोरी गांव की पैदाइश स्टालिन 'सोवियत शासन' के 69 वर्षों में 30 साल तक सोवियत संघ का सर्वेसर्वा रहा। यहां के लोग अगर सोवियत संघ के विघटन को आजादी मानते हैं, तो सोवियत 'तानाशाह' स्टालिन के बारे में उनकी क्या राय है? गोरी में स्टालिन संग्रहालय के आस-पास तमाम स्थानीय लोगों को टटोलने की कोशिश की। सभी भाषायी अनभिज्ञता की ओट लेकर टाल गए। क्या समूचे जॉर्जिया का यही हाल है? कतई नहीं। फर्राटेदार हिंदी बोलने वाली मारजिया मुझे त्बिलिसी में मदर जॉर्जिया की मूर्ति के पास मिलीं। उन्होंने 2017 में सात महीने आगरा के केंद्रीय हिंदी संस्थान में बिताए हैं, इस नाते उनकी भारत और भारतीयों में रुचि है। उनसे पूछता हूं, रूस-यूक्रेन युद्ध को आप किस तरह देखती हैं? मारजिया शब्दों को चबाकर बोलने की आदी नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हमें रूस पर भरोसा नहीं। यूक्रेन युद्ध के बाद उसके इरादे बेपर्दा हो गए हैं, लेकिन हमारी सरकार मॉस्को से मेल-जोल में लगी है।' उनके साथ खड़ी युवती कुछ आक्रोश से कहती है कि मौजूदा राष्ट्रपति मिखाइल कावेलाश्विली धोखाधड़ी से चुनाव जीते हैं और इस समय हमारा देश पूंजीपतियों व भ्रष्ट सत्ताधारियों के बीच पिस रहा है। कहीं ये लोग किसी खास विचारधारा से तो ताल्लुक नहीं रखते? शंका दूर करने के लिए यही सवाल मैं 1992 में जन्मे वाको से पूछता हूं। वह कहते हैं, जॉर्जिया को यूरोप और अमेरिका से संरक्षण भले प्राप्त हो, लेकिन हमारा देश नाटो का सदस्य तक नहीं। हम रूस पर कभी विश्वास नहीं कर सकते, क्योंकि उसने 8 अगस्त, 2008 को जॉर्जिया पर अकारण हमला बोल दिया था। मेरा अगला सवाल था, क्या रूस की सेनाएं दोबारा आपके देश में दाखिल हो सकती हैं? ऐसी किसी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हमें अपनी सुरक्षा के उपाय खुद खोजने होंगे, जवाब मिलता है। ऐसा नहीं है कि हर कोई इसी तरह सोचता है मैं ऐसे कई जॉर्जियावासियों से मिला, जो अपनी सरकार या रूस की बुराई से सकुचाते हैं। इनमें से एक जोजो जॉर्जियन को राजनीतिक चर्चा से बचता देख मैंने दूसरी तरह से टटोला, अगर आपको किसी वजह से जॉर्जिया को छोड़ना पड़ा, तब आप किस देश में रहना पसंद करेंगे- अमेरिका, इंग्लैंड अथवा रूस? वह हिचकते हुए जवाब देते हैं, अमेरिका। मेरा अगला सवाल था, यदि अमेरिका आपको इजाजत न दे, तब आप कहां रहना चाहेंगे- इंग्लैंड या रूस? जोजो बेहिचक बोलते हैं- रूस। क्यों? 'मेरे वहां कई दोस्त हैं। रूस एक अमीर देश है। मैं जानता हूं कि वहां के लोग क्या सोचते हैं और उनकी जरूरतें क्या हैं? वहां मेरे लिए रोजगार के बेहतर अवसर होंगे।' उनका यह जवाब मेरे सारे सवालों के उत्तर दे देता है। मैं आगे बढ़ जाता हूं। बातूमी में एक और नौजवान मिलता है, वह बताता है कि हमारे यहां इस समय बेरोजगारी बढ़ रही है और अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है, पर सरकार पश्चिम बनाम मॉस्को के छाया-युद्ध में बीच का रास्ता चुन रही है। मौजूदा हालात में यह उचित भी है। हम बेवजह रूस को उकसा भी तो नहीं सकते। आंकड़े देखता हूं, तो उसकी बात में आंशिक सच्चाई नजर आती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2025-26 में जॉर्जिया की विकास दर छह फीसदी आंकी है, जो पिछले वर्ष से खासा खराब है। यही नहीं, साल 2025 की पहली तिमाही में बेरोजगारी दर भी बढ़ी है। इसके बावजूद पड़ोसी देशों के मुकाबले जॉर्जिया की स्थिति बेहतर है। कोरोना के बाद से यहां पर्यटन में तेज बढ़ोतरी हुई है। यहां की प्राकृतिक खूबसूरती, सोवियत युग की निशानियां और काकेशस की विरासत लोगों को लुभाती हैं। यूक्रेन युद्ध की वजह से जो लोग रूस या यूक्रेन छोड़कर आए, उन्होंने भी तरक्की में योगदान किया है। इसके बावजूद कुछ बातें बहुत साफ हैं। ज्यादातर लोग मौजूदा सरकार को बहुत पसंद नहीं करते, नई पीढ़ी में आशंका भरी अकुलाहट है और अवैध अप्रवासियों की समस्या यहां भी विकराल रूप ले रही है। पाकिस्तान से आए मोहम्मद अली यूं ही टकरा गए थे। वह बरसों से यहां पर हैं। उनसे पूछता हूं, तो वह कहते हैं कि यहां के लोगों और पुलिस का व्यवहार हमारे प्रति बहुत अच्छा नहीं है। वह यह भी जोड़ते हैं कि आखिर जॉर्जिया के लोग करें तो करें क्या? अवैध अप्रवासी 'गंदगी' फैलाने में जुटे हैं। यहां भी अंतरविरोध के दर्शन होते हैं त्बिलिसी और बातूमी में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के मेडिकल छात्र मिले। उन सभी ने एक राय हो बताया कि पुरानी पीढ़ी भले हमसे कुछ दुराव रखती हो, लेकिन नौजवान गर्मजोश हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं। ये छात्र अपनी फीस के जरिये यहां की अर्थव्यवस्था में खासा योगदान करते हैं। इन दिनों जॉर्जिया के कॉलेज बंद हैं और ये सभी होटल अथवा किसी रेस्तरां में काम करते मिले। उनका श्रम भाव-विभोर कर जाता है। दूर बसे इस मुल्क में खुद मेरा अनुभव बीच का रहा। भारतीयों के प्रति आम लोगों में भले कोई रोष न हो, लेकिन वे स्वागत-उत्सुक भी नहीं दिखे। हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने जिस अंदाज में हर अभिलेख को देर तक चेक किया, उससे लगा कि वे भारत के लोगों पर खास नजर रख रहे हैं। हमारे जहाज से आए आधा दर्जन लोगों को वीजा और जरूरी कागजात दिखाने के बाद भी तरह-तरह से हलकान किया गया। उनसे यहां तक पूछा गया कि आपके पास अपने देश की कितनी करेंसी है और आप उसे कैसे खर्च करेंगे? महिला आव्रजन अधिकारी ने एक सज्जन के पर्स में मौजूद भारतीय करेंसी तक निकलवाकर गिनवा ली। ऐसी अगवानी मैंने इससे पहले किसी देश में नहीं देखी थी। हम भारतीयों को सोचना ही होगा कि हम खुद तेजी से तरक्की करने वाला देश हैं, तो ऐसे में जॉर्जिया जैसे अपेक्षाकृत कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में बसकर हमें भला क्या लाभ होगा? जिस देश का अतीत रक्त-रंजित गुलामी से आक्रांत, वर्तमान आशंकित और भविष्य धुंधलके से ढका हो, उससे आप भला क्या उम्मीद कर सकते हैं?

# शहरी प्रबंधन की नाकामी से लगते जाम

भारत के प्रमुख शहर दुनिया के सबसे धीमे शहरों में शुमार किए जाने लगे हैं। यहां शहरी लोग ट्रैफिक जाम में ही सालाना सैकड़ों घंटे गंवा देते हैं। भारत के प्रमुख शहर दुनिया के सबसे धीमे शहरों में शुमार किए जाने लगे हैं। यहां शहरी लोग ट्रैफिक जाम में ही सालाना सैकड़ों घंटे गंवा देते हैं। अगर जाम की समस्या न होती, तो वे इस समय का उपयोग दूसरे काम करने, आराम करने या परिवार के साथ बिताने में इस्तेमाल कर सकते थे। अधिक से अधिक सड़कें बनने के बावजूद, ट्रैफिक जाम लंबा और जानलेवा होता जा रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि देश में कार रखने वाले अभिजात वर्ग की संख्या तेजी से बढ़ी है। भारत में प्रति 1000 लोगों पर 34 कारें हैं, जो वैश्विक स्तर पर तो कम है, लेकिन तेजी से बढ़ रही है। शहरी सड़कों पर कुछ खास लोगों का दबदबा बढ़ता जा रहा है, जबकि सार्वजनिक परिवहन पिछड़ रहे हैं। सर्वेक्षणों के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय शहरों में यात्रा के समय में जरा भी सुधार नहीं हुआ है। कोलकाता में अब भी पिछले पांच सालों से सबसे लंबा औसत यात्रा समय है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में भी ज्यादा बदलाव नहीं आया है। आंकड़े भी यही कहते हैं। टॉमटॉम के '2024 के ट्रैफिक इंडेक्स' में कोलकाता और बेंगलुरु को दुनिया के सबसे खराब यातायात वाले शहरों में शामिल किया गया है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई भी पीछे नहीं हैं। हैदराबाद जैसी जगहों पर भी, जिन्हें लंबे समय से अपेक्षाकृत कम यातायात वाला माना जाता था, हालात बिगड़ रहे हैं। बेंगलुरु के लोग सालाना दो कार्य सप्ताह का वक्त भीड़भाड़ के कारण गंवा देते हैं, तो मुंबई वाले करीब 13 कार्य दिवस। ट्रैफिक संकट स्वास्थ्य आपातकाल जैसा भी है। यहां तक कि जिन शहरों की हवा कभी साफ मानी जाती थी।

# सिंहासन खाली करो... चीन-बांग्लादेश और अब नेपाल.. संसद तक छात्रों ने हिला दी हुकूमत

**(दिनेश मिश्र)**

नेपाल में युवाओं का आंदोलन हिंसक हो गया है। छात्र सड़क से लेकर संसद तक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन ने चीन के उस नरसंहार और बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की चूलें हिलाने की याद ताजा कर दी हैं। इन तीनों देशों में एक बात कॉमन है। इसे समझते हैं। आपने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की ये कविता तो गाहे-बेगाहे जरूर सुनी होगी-सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। नेपाल की राजधानी काठमांडू की सड़कों पर सोमवार को कुछ ऐसा ही दिखा, जब जनरेशन जेड के युवा प्रदर्शन के लिए उतर आए। उनके हाथों में बैनर है, जिस पर लिखा है- भ्रष्टाचार के लिए युवाओं का भविष्य बेचने नहीं देंगे। दरअसल, नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन को लेकर जनरेशन जेड का रिवोल्यूशन अब खूनी क्रांति में बदल गई है। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, कई छात्रों की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि सड़क से शुरू हुआ यह आंदोलन अब देश की संसद तक जा पहुंचा। देश में सेना तैनात की दी गई है। कई जगहों पर कर्फ्यू लगा दिए गए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र हुए इस प्रदर्शन के दौरान गोली लगने से कम से कम 100 लोग घायल हो गए हैं। इन आंदोलनों से चीन और बांग्लादेश में हुए छात्रों के आंदोलन की यादें एक बार फिर ताजा हो गई हैं। क्यों हो रहा है भारत के पड़ोस में ये आंदोलन दरअसल, नेपाल ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हाल ही में पाबंदी लगा दी थी।, जिससे युवाओं का आंदोलन भड़क गया। इन प्लेटफॉर्म्स को सात दिनों के भीतर नेपाल के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में पंजीकरण कराना था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। केपी शर्मा ओली सरकार ने कंपनियों के लिए पंजीकरण पूरा करने के लिए 28 अगस्त से सात दिनों की समय सीमा तय की थी। इसके अलावा, सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर भी युवा सड़कों पर उतरे हैं। युवाओं का कहना है कि भले ही उन पर गोली चलाई जाए, मगर वो फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जरूर चलाएंगे। नेपाल में नेपो किड कैंपेन क्या है नेपाल में 'नेपो किड' अभियान एक ऑनलाइन आंदोलन है जो राजनेताओं और शक्तिशाली हस्तियों के बच्चों पर योग्यता के बजाय पारिवारिक संबंधों से प्राप्त धन और अवसरों का आनंद लेने का आरोप लगाता है। टिक टाक और रेडिड पर पोस्ट राजनेताओं के बच्चों की भव्य जीवनशैली की तुलना आम नेपाली युवाओं के संघर्षों से करते हैं, जिनमें से कई कम वेतन वाली नौकरियों के लिए विदेश चले जाते हैं। नेपो किड शब्द की उत्पत्ति क्या है? नेपो किड शब्द भाई-भतीजावाद से आया है। इसका इस्तेमाल सबसे पहले हॉलीवुड और बॉलीवुड में फिल्मी सितारों के बच्चों के लिए किया गया था, बाद में फिलीपींस में राजनेताओं के परिवारों के लिए लागू किया गया। अब नेपाल में इसका इस्तेमाल होता है। पोलिटियशन नेपोबाडी नेपाल जैसे हैशटैग के तहत यूजर्स इसके वीडियो साझा कर रहे हैं, यह सवाल करते हुए कि क्या राजनेताओं के बच्चों की सफलता का कारण विशेषाधिकार है या व्यक्तिगत प्रयास। कुछ लोग सड़क पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान कर रहे हैं। जब चीन में छात्रों पर चढ़ा दिए गए थे टैंक चीन में थियानमेन चौक नरसंहार को आज भी दुनिया याद करके सिहर उठती है। 3 और 4 जून की रात, 1989 को चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने टैंकों के साथ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर थियानमेन चौक पर धावा बोल दिया और विरोध प्रदर्शनों को कुचल दिया, जिसमें भारी जनहानि हुई। मृतकों की संख्या का अनुमान अलग-अलग है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज राजनीति के क्षेत्र में समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपके द्वारा किए गए प्रयासों से सफलता प्राप्त हो सकती है। इससे संतोष और शांति महसूस होगी। शासन और सत्ता से गठजोड़ के चलते आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यस्थल पर पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने की संभावना है। लेकिन आपको अचानक किसी समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है।

### वृष
आज कार्यक्षेत्र में आपका कोई रुका काम बन सकता है, जिससे तनाव कम होगा। साथ ही, कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का साथ मिलेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर आप अपने समझदारी से स्थिति को सामान्य बना लेंगे। व्यापार के क्षेत्र में नए संपर्क बनाने से लाभ हो सकता है। परिवार में जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

### मिथुन
आज आपका दिन शुभ रहने वाला है और उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में उन्नति मिलेगी और समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इसी के चलते मन प्रसन्न रहेगा और आप जोश से भरपूर रहेंगे। व्यापार में यात्राओं से सुखद परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

### तुला
आज नौकरी करने वालों के लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। कार्यक्षेत्र में मधुर वाणी और व्यवहार के चलते आपको सम्मान प्राप्त होगा। शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रतियोगिता में विशेष सफलता प्राप्त होने के योग बने हुए हैं। हालांकि, आपको कामकाज के सिलसिले में ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है, जिसका असर सेहत पर भी पड़ेगा।

### वृश्चिक
आज आपकी सेहत कुछ खराब रह सकती है। ऐसे में कामकाज में थोड़ा कम मन लगेगा। आर्थिक मामलों में इस समय कोई भी निर्णय लेने से बचें। बिना सोचे-समझे या जल्दबाजी में फैसले लेने से नुकसान हो सकता है। नौकरी करने वालों का दिन सामान्य रहेगा। कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के विवाद या बहस से दूरी बनाकर रखें, अन्यथा समस्या उत्पन्न हो सकती है।

### धनु
आज आपको व्यापार के मामले में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और अपेक्षा से भी ज्यादा सफलता प्राप्त हो सकती है। वहीं, नौकरी करने वालों को भी कार्यस्थल पर किए गए प्रयासों से सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। अगर किसी कानूनी मामले में फंसे थे तो अब आपको जीत हासिल हो सकती है। आर्थिक मामलों में समय अनुकूल रहेगा और परिवार में संतान से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

### कर्क
आज आर्थिक मामलों में दिन बेहतरीन रहने वाला है और आपको बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा किए जा रहे नए प्रयास उन्नति के नए रास्ते खोल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा।

### सिंह
आज आपको कार्यक्षेत्र में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में धैर्य के साथ सोच-समझकर कोई भी फैसला लेना जरूरी होगा, अन्यथा नुकसान हो सकता है। व्यापार के मामले में आपको कुछ कामों में हानि मिल सकती है। ऐसे में मानसिक तनाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से दूर रहना होगा।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में आपके रुके हुए काम धीरे-धीरे पूरे हो सकते हैं। जिससे तनाव कुछ हद तक कम रहेगा। लेकिन यात्रा के दौरान आपको सावधान रहना क्योंकि किसी मूल्यवान वस्तु के खोने का भय बना हुआ है। व्यापार के मामले में कामकाज की स्थिति सही बनी रहेगी।

### मकर
आज आपका दिन शुभ रहने वाला है और कार्यक्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा। जिससे विरोधी आपकी प्रशंसा करेंगे। राजनीति क्षेत्र में किए गए प्रयासों से लाभ मिल सकता है और शासन सत्ता पक्ष से निकटता से भविष्य में मुनाफा मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में आपको ससुराल पक्ष से सहयोग मिल सकता है। व्यापार के क्षेत्र में किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

### कुंभ
आज कामकाज के सिलसिले में किसी भी यात्रा पर जाते वक्त सावधानी बरतनी जरूरी होगा। आर्थिक मामलों में लेन-देन में भी सतर्क रहें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। अगर संभव हो तो अभी के लिए जोखिम भरे निर्णयों को टाल दें। नौकरी करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा और कार्यस्थल पर कामकाज सही चलेगा। दांपत्य जीवन में चल रही समस्याओं से आपको अब छुटकारा मिल सकता है।

### मीन
आज आर्थिक मामलों में दिन बेहतरीन रहने वाला है। अगर आप लंबे समय से पैसों की लेन-देन से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे थे, तो अब उसका समाधान हो सकता है। धन लाभ होने के भी शुभ योग बन रहे हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए भी दिन अच्छा रहेगा और आपके आसपास का वातावरण सुखद बना रहेगा। परिवार में शांतिपूर्ण माहौल देखने को मिलेगा।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5848

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5847

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5848

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | | 4 | 5 |
| 6 | | | 7 | 8 | | | |
| 9 | | | 10 | | | | |
| | | 11 | | | | 12 | 13 |
| 14 | 15 | | | | 16 | | |
| 17 | | | | 18 | | 19 | |
| | | | 20 | | 21 | | |
| 22 | | | | 23 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. हिंदी महासागर में स्थित इस दे़ा ने 17 अक्टूबर 2009 को पानी के अंदर दुनिया की पहली कैबिनेट बैठक कर सभी राष्ट्रों को ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से आगाह करने की कोशिश की (4)
4. ये प्रसिद्ध सूर्यवंशी राजा दशरथ की पिता थे (2)
6. मणि, रत्न, अदद, संख्या (2)
7. नया जमाना, जागरण प्रकाशन का एक अखबार (5)
9. पुत्र, बेटा, सूरज (अंग्रेजी)(2)
10. एक राजनीतिक दल (2)
11. अक्टूबर 1988 का संक्षिप्त नाम (2)
12. घड़ा, गगरा (2)
14. पैरवी करना, वकील होने का भाव (4)
16. गाय का मल यह कहलाता है (3)
17. रमण कराना, अनुरक्त कराना या बनाना (3)
19. हस्तगत करना, ग्रहण करना (2)
20. मैथलीशरण गुप्त की एक प्रसिद्ध कृति (3)
22. यह फिलीपींस देश की राजधानी है (3)
23. दिल्ली की यह इमारत भारत के पांचवे मुगल बादशाह शाहजहां ने बनवाई थी (4)

**ऊपर से नीचे**

1. पंजाब की सतलुत नदी और असम की ब्रह्मपुत्र नदी इसी झील से निकलती है (6)
2. वे दिन जिनमें विवाह आदि के मुहुर्त निकाले जाते है, तल्लीनता (3)
3. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
4. भारत केपूर्व टेस्ट क्रिकेटर (6)
6. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म गुड्डी थी (2)
8. मुस्लिम संप्रदाय का एक प्रमुख त्यौहार (2)
11. विस्मरण करना, विस्मृत करना (3)
13. रिक्त स्थान की पूर्ति करना, उड़लेना (3)
15. जयशंकर प्रसाद का प्रबंध काव्य (4)
15. मरीज, बीमार, जिसे रोग लगा हो (2)
18. परिवार हीनता, वेयक्तिकता, निर्जनता (3)
21. पेंदा, नीचे की सतह (2)

### वर्ग पहेली 5847 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | र | गो | विं | द | खु | रा | ना |
| रि | | ल | ट | | दा | ग | ना |
| द्वा | रा | | र | जा | ई | | ना |
| र | ज | त | | या | | रो | |
| | स्था | प | ना | | दा | गी | |
| सु | न | ना | | भा | ला | | अ |
| जा | | | बा | व | न | ग | जा |
| ता | श | कं | द | | | ज | न |

## छोटी और संतुलित होगी जिला कार्यकारिणी

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस अब सक्रिय और जवाबदार कार्यकताओं को पद देगी। इसकी वजह यह है कि पार्टी अपने हर एक पदाधिकारी को जवाबदार बनाना चाहती है। इस रणनीति के तहत पार्टी ने जिला कार्यकारिणी को लेकर एक प्लान बनाया है। इसे लेकर सर्कुलर जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि जिला कार्यकारिणी छोटी और संतुलित होगी। दिल्ली से निर्देश हैं कि तीन महीने में वार्ड से लेकर शहर की कार्यकारिणी बनाई जाए। मप्र कांग्रेस ने जिला कार्यकारिणी को लेकर प्लान तैयार किया है। इस बार जिला कार्यकारिणी छोटी और संतुलित होगी। दो विधानसभाओं वाले जिले में 50 सदस्यों की टीम होगी। तीन से चार विधानसभाओं वाले जिलों में 70 सदस्यीय और चार से ज्यादा विधानसभा वाले जिलों में अधिकतम 100 सदस्य रहेंगे। आपको बता दें कि पहले जिला कार्यकारिणी में 200 से 300 तक नाम पहुंच जाते थे। इस बार कांग्रेस ने जम्बो सूची की जगह छोटी और संतुलित कार्यकारिणी बनाने की तैयारी में है।




## जंगल सफारी के साथ वोटिंग, लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे सैलानी

### पन्ना टाइगर रिजर्व के सैलानियों को सौगात...अंग्रेजों के जमाने के वाटर सोर्स को नया रूप देकर बनाया ईको पार्क

*भोपाल। टाइगर रिजर्व घूमने आने वाले पर्यटकों को अब ईको पार्क में वोटिंग की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। प्राकृतिक सुंदरता के बीच सैलानी अब पानी से भी अठखेलियां कर सकेंगे। जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर पन्ना-अमानगंज मार्ग पर पन्ना टाइगर रिजर्व के अकोला गेट के बगल में अंग्रेजों द्वारा बनाई हुई प्राकृतिक संरचना एवं पानी रोकने के लिए तालाब को जिला प्रशासन द्वारा विकसित किया गया। यहां गहरीकरण किया गया और इसके बाद रविवार को वोटिंग की शुरूआत की गई। गौरतलब है कि पन्ना जिले में कहीं भी अभी तक वोटिंग की सुविधा नहीं थी। जिला प्रशासन के प्रयासों से पन्ना टाइगर रिजर्व के बगल में स्थित ग्राम अमझीरिया में अंग्रेजों के जमाने में बनाए गए तालाब को विकसित कर ईको पार्क बनाया गया। अब यहां वोटिंग भी शुरू हो गई है। ये ईको पार्क प्रकृति की गोद में है। बगल में पन्ना टाइगर रिजर्व के सुंदर जंगल लगे हुए हैं। चारों तरफ ग्रीनरी ही ग्रीनरी है। इस तालाब में पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी दिन में भी कई बार पानी पीते हुए आसानी से दिख जाते हैं। इसलिए यह बहुत ही अच्छा टूरिस्ट स्पॉट होने वाला है। ईको पार्क के आसपास टाइगर का मूवमेंट 3 दिन पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव का अमानगंज में कार्यक्रम था। कार्यक्रम से लौट रहे लोगों ने अमझीरिया ग्राम के पास सडक किनारे टाइगर बैठा हुआ देखा था। यह तालाब पन्ना टाइगर रिजर्व से लगा हुआ है और यहां पर टाइगर की लोकेशन रहती है। पास में ही बफर अकोला गेट भी स्थित है, जहां पर पर्यटक बरसात के दिनों में भी जंगल सफारी का आनंद लेते हैं। अब यहां ईको पार्क बनने और वोटिंग शुरू होने से पर्यटकों का आकर्षण और बढ़ जाएगा। अंग्रेजों के जमाने के तालाब को किया विकसित इतिहासकार सूर्यभान सिंह परमार बताते हैं कि यह प्राकृतिक संरचना अंग्रेजों एवं पन्ना के अंतिम नरेश यादवेंद्र सिंह जूदेव द्वारा सन 1938 से 40 के बीच बनवाई गई थी। इसमें पत्थर की मेड़ बनवाई गई थी, जो संरचना आज भी बनी हुई है। उसी के ऊपर सडक बनी हुई है और उसी में एक छोटी कैनाल जुड़ी हुई है।*

## मप्र में बनेगी ब्लड डोनरों की डायरेक्टरी

**भोपाल।** भाजपा देशभर में नमो युवा रन अभियान का शुभारंभ करने जा रहा है। यह अभियान नशा मुक्त भारत के लिए पूरे देश में 21 सितंबर को 100 से अधिक स्थानों पर आयोजित होगा। इसमें प्रत्येक स्थान पर 10-10 हजार युवा प्रतिभागी शामिल होंगे। पूरे देश में ऐसे 10 लाख से अधिक युवा नमो युवा रन का हिस्सा बनेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा अब प्रदेश में जिला और तहसील स्तर के साथ नगर और ग्राम पंचायत स्तर पर ब्लड डोनरों की डायरेक्टरी तैयार करेगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा। इस समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बेंगलुरु साउथ से सांसद तेजस्वी सूर्या और प्रसिद्ध फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन शामिल होंगे। बता दें कि मिलिंद सोमन को नमो युवा रन का राष्ट्रीय एम्बेसडर भी नियुक्त किया गया है।

## हाट बाजार में सिकल सेल और टीबी की स्क्रीनिंग कराएं




**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हाट बाजारों में सिकल सेल और टीबी की स्क्रीनिंग शिविर लगाए जाने चाहिए जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की विरल आबादी तक पहुंच हो सके। उन्होंने कहा कि सिकल सेल जाँच के 100 दिवसीय अभियान की उपलब्धियां प्रभावी है और अभियान को 125 दिन तक बढ़ाया जाना चाहिए। राज्यपाल राजभवन के जवाहर खण्ड में बुधवार को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष और जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने स्वास्थ्य कार्यकताओं को आगनबाडि ?ों के साथ सतत संपर्क पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में आगनबाड़ी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिलों के प्रवास के दौरान वह पीएम जनमन, धरती आबा अभियान, सिकल सेल और टीबी रोग की समीक्षा अनिर्वायतः करेंगे। उन्होंने अपेक्षा की है कि जिलों में राज्यपाल के प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल पर टीबी, सिकल सेल रोग की स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जन प्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करने की भी जरूरत बताई है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सांसद और विधायक निधि से वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि वे सहयोग की जनप्रतिनिधियों से भी अपील करेंगे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलेगा

प्रदेश में 17 सितम्बर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। सिकल सेल के लिए संचालित 100 दिवसीय अभियान के दौरान सिकल सेल रोगियों को जेनेटिक कार्ड वितरण कार्य बहुत तेज गति से हुआ है। अभियान अवधि में 12 लाख से अधिक कार्ड वितरित हुए है। विभाग द्वारा 1 करोड़ वां कार्ड प्रधानमंत्री द्वारा वितरित करावाने की योजना है। प्रदेश में टीबी और सिकल सेल रोग प्रबंधन प्रयासों के परिणामों के बेहतर संकेत मिल रहे हैं। टीबी रोगियों के ड्रॉप आउट और मृत्यु दर में कमी दिख रही है। सिकल सेल प्रबंधन से मातृ मृत्यु दर में भी कमी होने की जानकारी मिली है।


### स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम कड़ी तक पहुंचे

राज्यपाल पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता में स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम कड़ी तक पहुंच बहुत महत्वपूर्ण है। समुदाय के बीच पहुंच कर स्वास्थ्य शिक्षा के प्रयास बहुत प्रभावी होते हैं। उन्होंने एकलव्य विद्यालयों में सिकल सेल जांच शिविरों के आयोजन की पहल की सराहना की। जनजातीय छात्रावास के प्राचार्य और शिक्षकों को सिकल सेल रोग के संबंध में सेंसेटाईज करने के प्रयास करने के लिए कहा है। राज्यपाल पटेल ने आयुर्वेदिक औषधियों की वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने सिकल सेल रोगियों को आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध करवाने को कहा।

# भोपाल के निचले इलाकों में 24 घंटे अलर्ट मोड पर टीमें

### भदभदा-कलियासोत डैम ओवरफ्लो, कोलार-केरवा भी होंगे

- **इस हिसाब से यह 6 फीट खाली है। कोलार डैम से ही भोपाल शहर के 40 प्रतिशत हिस्से में पानी की सप्लाई की जाती है। पिछली बार जुलाई में इसके गेट खोलने पड़े थे, लेकिन इस बार एक बार भी गेट नहीं खुले हैं।**



**भोपाल।** भोपाल के दो डैम-भदभदा और कलियासोत ओवरफ्लो हो गए हैं। बड़ा तालाब के फुल भरने के बाद भदभदा डैम के सीजन में 2 बार गेट खुल चुके हैं, जबकि कलियासोत डैम के गेट एक बार खुले हैं। कोलार और केरवा डैम में भी अच्छा पानी जमा हो गया है। बारिश की तेज झड़ी लगने पर इन दोनों डैम के गेट भी खुल सकते हैं। राजधानी में पानी सप्लाई के चार प्रमुख स्रोत है। इनमें कोलार डैम से 40 प्रतिशत इलाकों में पानी पहुंचता है। बड़ा तालाब से 20 प्रतिशत, नर्मदा लाइन से 30 प्रतिशत और बाकी 10 प्रतिशत पानी की सप्लाई केरवा डैम से होती है। केरवा का पानी सिंचाई के लिए भी उपयोग होता है। कलियासोत का पानी सिंचाई में ही उपयोग लिया जाता है। सभी जलस्त्रोतों में अच्छा पानी जमा हो चुका है। ऐसे में आने वाले डेढ़ से दो साल तक पेयजल को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। कोलार डैम अभी 7 फीट और केरवा डैम 6 फीट खाली है। कैचमेंट एरिया और सीहोर जिले में तेज बारिश की दरकार है। बता दें कि भोपाल में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। यहां अब तक करीब 39 इंच बारिश हो गई है। बुधवार सुबह भदभदा डैम का एक गेट बंद करने के बाद कलियासोत डैम के दोनों गेट भी बंद कर दिए गए। यह मंगलवार की रात में खोले गए थे। कलियासोत के गेट खुलने के बाद फायर अमला और पटवारी अलर्ट मोड पर आ गया है। जब पानी गेट खोलकर छोड़ा जाता है तो कलियासोत नदी के जरिए वह कई इलाकों से होता हुआ निकलता है। ऐसे में अमरनाथ, दामखेड़ा ए और बी सेक्टर, सलैया, मिसरोद, समरधा, समरधा टोला जैसे इलाकों में जलभराव हो जाता है। पिछले कुछ साल में यहां बाढ़ के हालात भी देखने को मिल चुके हैं। कोलार फायर स्टेशन प्रभारी पंकज खरे ने बताया कि कलियासोत डैम के गेट खुलने के बाद से ही अलर्ट मोड पर है। लोगों को समझाइश दी जा रही है कि वे नदी के पास न जाए, क्योंकि पानी का बहाव काफी तेज होता है। जब भी गेट खुलते हैं तो एक घंटे पहले से ही टीमें एक्टिव हो जाती है। आपसी कम्युनेशन के लिए वॉट्सएप पर ग्रुप भी बनाए हैं।

### भोपाल के अन्य डैमों की स्थिति

भदभदा डैम बड़ा तालाब में पानी फुल लेवल 1666.80 फीट पर आते ही गेट खुल जाते हैं। इस बार भी दो बार गेट खुल चुके हैं। कोलार डैम का वाटर लेवल 1516.40 फीट है। अभी इसमें 1510 फीट पानी जमा है। इस हिसाब से यह 6 फीट खाली है। कोलार डैम से ही भोपाल शहर के 40 प्रतिशत हिस्से में पानी की सप्लाई की जाती है। पिछली बार जुलाई में इसके गेट खोलने पड़े थे, लेकिन इस बार एक बार भी गेट नहीं खुले हैं। कुल 1673 फीट वाले केरवा डैम में अब तक करीब 1667 फीट पानी आ चुका है। तेज बारिश होने के बाद डैम में पानी का लेवल बढ़ जाएगा। फिलहाल केरवा डैम का एक भी गेट नहीं खुला है। कलियासोत डैम का अभी वाटर लेवल लगभग 1649.67 फीट है। इसकी कुल जलभराव क्षमता 1659.02 फीट है। इसके चलते डैम अभी भी करीब 9 फीट खाली है। चूंकि, पानी का लेवल मेंटेन रखना था। इसलिए मंगलवार की रात में दो गेट खोले गए, जो बुधवार सुबह बंद कर दिए गए।

## आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में मप्र देश में अव्वल



**भोपाल।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया समुदाय के लिये स्वीकृत 217 आंगनवाड़ी भवनों में से 100 भवनों का तय समय-सीमा से पहले निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस उपलब्धि के साथ मध्यप्रदेश योजना के क्रियान्वयन में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। निर्धारित लक्ष्य की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए प्रथम चरण में बड़ी प्रगति दर्ज करते हुए शेष 117 आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण 31 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 से 2026 के बीच संचालित बहुउद्देशीय पीएम-जनमन अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों बैगा, भारिया और सहरिया समुदायों को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं से जोड ?ा है। इस अभियान में नये आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण, पक्के भवनों की व्यवस्था और पूरक पोषण आहार का नियमित प्रदाय सुनिश्चित किया जा रहा है। इन आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण मिलेगा, साथ ही जनजातीय समुदायों के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

### जिलेवार निर्माण और निवेश

शिवपुरी जिले में 39, श्योपुर में 37, शहडोल में 29, उमरिया में 23, गुना में 14, डिंडौरी में 12, अशोकनगर में 11, अनूपपुर में 7, मंडला एवं दतिया में 6-6, विदिशा, बालाघाट, ग्वालियर एवं सीधी में 5-5, जबलपुर एवं छिंदवाड़ा में 4-4, मुरैना में 2 तथा कटनी, भिंड और रायसेन में 1-1 आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक भवन पर लगभग 12 लाख रुपये का व्यय किया जा रहा है।

### सामाजिक-आर्थिक विकास का मजबूत आधार

यह पहल जनजातीय बहुल इलाकों में नई उम्मीद और बदलाव की शुरूआत है। आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण केवल भौतिक संरचना नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का मजबूत आधार भी है। इनके माध्यम से जहां बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा उपलब्ध होगी, वहीं महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान का यह चरण देश में जनजातीय कल्याण के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में देखा जा रहा है और मध्यप्रदेश ने इसे लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

## न नगर निगम आयुक्त और न ही सुन रहे कलेक्टर, ग्वालियर बना नर्क

### अनौपचारिक चर्चा में फूटा ऊर्जा मंत्री का गुस्सा, सीएम ने दिए निर्देश

- **मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तोमर ने कहा कि शहर में सीवर की हालत बद से बदतर है, जगह-जगह पानी फैला हुआ है और चेम्बर खुले पड़े हैं।**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक के बाद शुरू हुई अनौपचारिक चर्चा में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने ग्वालियर शहर की दुर्दशा पर सख्त लहजे में नाराजगी जताते हुए कहा कि ग्वालियर की हालत नरक जैसी हो गई है। न नगर निगम के आयुक्त सुन रहे हैं और न ही कलेक्टर। सीएम सचिवालय को छोड़कर कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तोमर ने कहा कि शहर में सीवर की हालत बद से बदतर है, जगह-जगह पानी फैला हुआ है और चेम्बर खुले पड़े हैं। सड़कों पर गड्ढे हैं, स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरा छाया है और ना ही सफाई व्यवस्था की कोई मॉनिटरिंग हो रही है। उन्होंने शिकायत की कि अधिकारी गंभीर नहीं हैं और जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनते। इस दौरान जब ग्वालियर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट से सीएम ने स्थिति पूछी, तो उन्होंने भी तोमर की बात का समर्थन किया और माना कि ग्वालियर की हालत ठीक नहीं है। इसके बाद तोमर ने शहर के लिए विशेष पैकेज के तौर पर 100 करोड़ रुपए की मांग भी कर दी। सीएम डॉ. यादव ने ऊर्जा मंत्री तोमर की बात सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि तोमर द्वारा उठाए गए मुद्दों की जांच कर स्थिति सुधारने के कदम उठाए जाएं। सूत्रों के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम जल्द ही ग्वालियर जाकर व्यवस्थाओं की हकीकत जानेगी। अनौपचारिक बैठक में सीएम ने चुनावी तैयारियों पर भी जोर दिया।

## हाईकोर्ट के आदेश पर कान्हा से बांधवगढ़ पहुंचा त्रिदेव हाथी

### तीन लोगों की मौत के बाद पकड़ा गया था, अब रेडियो कॉलर लगाकर छोड़ा जाएगा



**भोपाल।** अनूपपुर जिले में फरवरी 2024 में जंगली हाथी त्रिदेव द्वारा तीन लोगों की जान लेने के मामले में नया मोड़ आया है। हाईकोर्ट के आदेश पर इस हाथी को अब जंगल में छोड़ा जाएगा। 22 फरवरी की रात अनूपपुर के गोबरी गांव में एक ग्रामीण की मौत के बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान हुई फायरिंग में दो ग्रामीण और एक एएसआई घायल हुए थे। घटना के बाद वन विभाग ने दोनों हाथियों को पकड़ लिया। एक को बांधवगढ़ में रखा गया और घायल हाथी को कान्हा टाइगर रिजर्व की वेटनरी केयर यूनिट में भेजा गया। विशेषज्ञ समिति ने बांधवगढ़ के हाथी को नवंबर 2024 में जंगल में छोडने की सिफारिश की। कान्हा में रखे हाथी की एलिफेंट एडवाइजरी कमेटी ने नियमित जांच के बाद स्वस्थ घोषित किया। जबलपुर हाईकोर्ट ने भी जंगली प्राणी को कैद में रखने को अनुचित बताते हुए उसे छोडने का आदेश दिया। मंगलवार को कान्हा की विशेष टीम ने हाथी को बांधवगढ़ के लिए रवाना किया। तीन प्रशिक्षित हाथियों की मदद से उसे विशेष वाहन में स्थानांतरित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे रेडियो कॉलर पहनाया गया। इससे वन विभाग उसकी गतिविधियों पर नजर रख सकेगा। सुरक्षित यात्रा के लिए मार्ग का पहले ही सर्वे कर लिया गया था।

**सतर्कता** | साइबर ठगों ने ई-चालान के मैसेज को ठगने का बनाया नया हथियार

# वाट्सएप पर मिले वाहन का चालान तो हो जाएं सावधान

- **पहले ये मामले दिल्ली-एनसीआर में रिपोर्ट हुए थे। साइबर एक्सपर्ट चातक वाजपेयी के मुताबिक अब ये मामले मध्य प्रदेश में भी रिपोर्ट हुए हैं। खास तौर से जबलपुर और भोपाल में।**




**भोपाल।** साइबर ठग अभी तक बिजली के बिल, शादी के कार्ड आदि के मैसेज वाट्सएप पर भेजकर लोगों को ठग रहे थे, लेकिन अब ठगों ने ई-चालान के मैसेज को ठगने का नया हथियार बनाया है। ठग लोगों के वाट्सएप पर वाहन के ई-चालान के रूप में मैसेज भेजते हैं और मैसेज में दी गई लिंक पर चालान भुगतान करने के लिए कहते हैं। लोग हड़बड़ी में इस लिंक पर क्लिक कर जैसे ही चालान भरते हैं, वैसे ही साइबर ठगी के शिकार हो जाते है। फोन का कंट्रोल साइबर ठगों के हाथ में पहुंच जाता है। इसके बाद आपका अकाउंट भी खाली हो सकता है। पहले ये मामले दिल्ली-एनसीआर में रिपोर्ट हुए थे। साइबर एक्सपर्ट चातक वाजपेयी के मुताबिक अब ये मामले मध्य प्रदेश में भी रिपोर्ट हुए हैं। खास तौर से जबलपुर और भोपाल में। यानी अब ई-चालान के माध्यम से ठग प्रदेश के ऐसे शहरों के लोगों को शिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां पर आइटीएमएस से चालान होता है और एसएमएस से ई-चालान वाहन मालिकों को भेजा जाता है।

### इसलिए भ्रमित हो जाते हैं लोग

*ठग इस तरह का मैसेज भेजते हैं कि उसे देखकर अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है कि वह नकली है। एपीके या इन और डॉटजीओवीडॉटइन के फर्क न जानने वाले लोग हड़बड़ी में चालान के नाम पर साइबर ठगों के स्कैम का शिकार हो रहे है। साइबर एक्सपर्ट के मुताबिक असली चालान के मैसेज में इंजन नंबर, चेसिस नंबर जैसी जानकारी होती है। लोग मैसेज में एपीके या इन और डॉटजीओवीडॉटइन का फर्क नहीं देख पाते और भ्रम की स्थिति में एपीके फाइल पर क्लिक कर देते हैं और ठगों के जाल में फंस जाते हैं।*

### इस तरह से शिकार होते हैं लोग

*जैसे ही कोई वाट्सएप पर आई लिंक को क्लिक करता है और बैंक अकाउंट या डेबिट-क्रेडिट की जानकारी डालता है तो वैसे ही हैकर्स पहले उसका फोन हैक कर लेते हैं। इसके बाद फोन को कंट्रोल में रखकर बैंक खाते, डेबिट-क्रेडिट कार्ड का बैलेंस साफ कर देते हैं।*

### इस तरह से बरतें सावधानी

*यदि चालान का मैसेज आता है तो परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और ई- चालान वाले ऑप्सन में जाकर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन, इंजन व चेसिस नंबर डालकर चेक कर लें कि चालान हुआ है या नहीं। यदि हुआ है तो वहीं पर चालान की राशि जमा करें।*

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर युवक को मारी गोली

**लोनी।** बदमाश ने बॉर्डर थाना क्षेत्र के कबूल नगर कॉलोनी में घर में घुसकर युवक को गोली मार दी। गोली युवक के कमर में लगी हैं। गोली मारने के बाद बदमाश मौके से भाग गए। युवक घर में अकेला था, परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए हुए थे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने मामले में पुलिस को शिकायत दी है। कबूल नगर कॉलोनी में नीलम परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर के पास उनके भाई विक्की (30) रहते हैं। परिवार में मां सुनीता, पिता रमेश और अन्य सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को माता-पिता और भाभी पिंकी दिल्ली नंद नगरी में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। घर पर भाई अकेला था। रात करीब साढ़े 12 बजे के बाद अज्ञात हमलावर छत के रास्ते घर में घुसे और बेड पर सो रहे भाई की पीठ में गोली मार दी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है।

### रोहिणी में दिनदहाड़े चाकू से गोदकर रैपिडो चालक की हत्या, इलाके में मची सनसनी

**नई दिल्ली :** केएन काटजू मार्ग के रोहिणी सेक्टर-26 में मंगलवार सुबह सरेराह रैपिडो चालक गाजियाबाद के लोनी स्थित राजीव गार्डन निवासी रज्जब (30) की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। युवक के शरीर पर कई चाकू व चोट के निशान मिले हैं। केएन काटजू मार्ग थाना पुलिस ने हत्या समेत अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया, मंगलवार सुबह 6.15 बजे रोड पर हादसा होने की जानकारी मिली। जांच में युवक के शरीर पर चाकू के कई निशान हैं। पास ही दो बाइक गिरी हुई थी। बाइक के फिसलने के निशान भी मिले। मृतक के पास से मिले दस्तावेज से उसकी पहचान की गई। जिस तरह से युवक की हत्या की गई है, इससे पुलिस को आपसी रंजिश का शक जाहिर हो रहा है। जांच में पता चला है कि वह किसी सवारी को लेकर रोहिणी इलाके में आया था।

## दिल्ली में बनेगा हाई-मोबिलिटी कॉरिडोर!: सराय काले खां से कक्तक ट्रैफिक होगा सिग्नल फ्री, जानें मेगा प्लान



**नई दिल्ली :** सराय काले खां से एम्स-महिपालपुर तक हाई-मोबिलिटी कॉरिडोर पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। केंद्र सरकार की इस योजना पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) डीपीआर तैयार करने में जुटा है। यह कॉरिडोर दिल्ली-मेरठ, दिल्ली-देहरादून और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहनों को बिना रिंग रोड और मध्य दिल्ली से होकर गुजरे, सीधे दक्षिण दिल्ली और आईजीआई एयरपोर्ट तक पहुंचने का सिग्नल फ्री रास्ता देगा।

नाम न बताने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने चिंता जताई थी। उसमें कहा था कि एम्स से महिपालपुर बाईपास तक बनने वाला 20 किलोमीटर का कॉरिडोर मध्य दिल्ली की भीषण जाम समस्या को पूरी तरह हल नहीं कर पाएगा। मौजूदा समय दिल्ली-मेरठ और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे सराय काले खां पर रिंग रोड से जुड़ते हैं। साथ ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का डीडीएनडी-जेवर लिंक भी यहीं से शुरू होगा। ऐसे में आने वाले समय में सराय काले खां पर ट्रैफिक का भारी दबाव होगा। इससे निपटने के लिए सराय काले खां से एम्स-महिपालपुर कॉरिडोर तक 5-6 किलोमीटर लंबी टनल या एलिवेटेड कॉरिडोर की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके विकल्प के तौर पर तालकटोरा स्टेडियम या 11 मूर्ति क्षेत्र से भी कनेक्टिविटी पर विचार किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य है कि एनएच-48 (दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे), एमजी रोड और रिंग रोड पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके। फिलहाल दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यातायात का सबसे बड़ा बोझ दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे झेल रहा है। नया कॉरिडोर एम्स और आईएनए होते हुए महिपालपुर तक जुड़ेगा और आगे यह मेहरौली-गुरुग्राम रोड से भी जुड़ेगा। इससे गुरुग्राम से गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले वाहनों को सीधा वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा और उन्हें रिंग रोड या आंतरिक सड़कों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सरकार की इस योजना को राजधानी में यातायात प्रबंधन में एक बड़े सुधार के रूप में देखा जा रहा है। यह परियोजना पूरी होने के बाद सराय काले खां, रिंग रोड, आईएनए और दक्षिणी दिल्ली की प्रमुख सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा।

### अभी कागजों में है योजना

एनएचएआई ने इस परियोजना के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए मई में परामर्श सेवाओं की निविदा निकाली गई थी, इसमें प्रोजेक्ट का दायरा, एलाइन्मेंट, लागत और निर्माण तकनीक पर काम किया जाएगा। अभी यह परियोजना योजना स्तर पर है, लेकिन इसकी दिशा तय होने के बाद अगले चरण में निर्माण की निविदा जारी की जाएगी। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही इस परियोजना को लेकर गंभीर हैं।

## सचिवालय और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बम निरोधक दस्ता जांच में जुटा

**दिल्ली :** मुख्यमंत्री सचिवालय, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) को मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दिल्ली पुलिस, अग्निशमन विभाग और बम निरोधक दस्ते की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और परिसर में तलाशी और जांच शुरू कर दी।

हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जांच के बाद ई-मेल के जरिए मिली धमकी को झूठा (होक्स) करार दिया गया। परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भेजे गए ईमेल में दावा किया गया था कि आरडीएक्स जैसे विस्फोटक जिनकी एक किलोमीटर तक की धमाके की क्षमता है, इन तीनों स्थानों पर लगाए गए हैं। पहली एमएएमसी में बम धमाके की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल टीमें (बीडीडीटी) मौके पर




भेजी गईं और जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे यूसीएमएस (जीटीबी अस्पताल परिसर) से सूचना मिली कि कॉलेज को बम की धमकी वाला ईमेल मिला है। उसके बाद बिना कॉलेज को खाली कराया गया। डॉग स्क्वाड बुलाकर हर कोने की गहन तलाशी ली गई। दोपहर 1.30 बजे इमारत को सुरक्षित घोषित कर दिया गया।

### मेल के स्रोत का पता किया जा रहा

साइबर पुलिस की टीम धमकी भरे ईमेल की उत्पत्ति और प्रामाणिकता की जांच कर रही है। शुरूआती जांच में पिछले झूठे ईमेल धमकियों से समानताएं पाई गई हैं। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि यह मेल संभवतः किसी दूसरे राज्य के लिए भेजा गया था, लेकिन हम इसे पूरी गंभीरता से ले रहे हैं और एसओपी का पूरी तरह पालन किया गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने भी पुष्टि की कि एक कॉल के जरिए उन्हें सूचना मिली थी, जिसके बाद कई फायर टेंडर मौके पर एहतियातन भेजे गए। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वल्सन ने एक बयान में कहा कि एमएएमसी और सीएम सचिवालय की पूरी जांच की गई और ईमेल झूठा निकला। धमकी मिलने के बाद उपायुक्त वल्सन ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

## नागरिक अस्पताल में बनेंगे दवा के सात नए काउंटर



**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रशासन ने नई व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया है। अब मरीजों को पंजीकरण और दवा लेने के लिए एक ही स्थान पर भीड़भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन ने पंजीकरण काउंटर से अलग दवाओं के काउंटर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि दवा के सात नए काउंटर बनाए जाएंगे। वर्तमान में पंजीकरण काउंटर पर दवा वितरण की भी व्यवस्था है जिसके कारण मरीजों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। नई व्यवस्था के बाद पंजीकरण और दवा का वितरण दोनों अलग-अलग स्थानों पर होगा। इससे समय की बचत होगी और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि नई व्यवस्था के तहत 100 से 150 मरीज एक साथ बैठकर सुविधा ले सकेंगे। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के बाद मरीजों और उनके परिजनों को खड़ा नहीं रहना पड़ेगा।

## मांस की अवैध दुकानें बंद कराने की मांग, प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** समग्र हिंदू सेवा संघ की महिला मोर्चा ने मांस की अवैध दुकानों को बंद कराने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया। प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इन दुकानों को बंद कराने की मांग कर अगले पंद्रह दिनों में फिर से आंदोलन की चेतावनी दी। संघ ने 22 अगस्त को निगम कमिश्नर गुरुग्राम को ज्ञापन देकर इस मांग को उठाया था और पंद्रह दिनों में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की घोषणा की थी। इसी कड़ी में मंगलवार को संघ की महिला मोर्चा के तत्वाधान में लोग सदर बाजार की पार्किंग में एकत्र हुए और रोष व्यक्त करते हुए सभा की।

सभा को स्वामी धर्मदेव, अर्चक पुरोहित सेवा संघ के गुरुग्राम अध्यक्ष जय भगवान शर्मा, आचार्य देवानंद, ईश्वर दत्त और अनेक साधु संतों के साथ आर्य समाज के राष्ट्रीय प्रतिनिधि कन्हैया लाल आर्य, प्रदेश के प्रतिनिधि पदम चंद्र आर्य, सरपंच नत्थु सिंह, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष कुलभूषण भारद्वाज तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संचालक वेद प्रकाश मंगला तथा रिटायर्ड सेशन जज अनिल बिमल ने अपना समर्थन दिया। पार्किंग से प्रदर्शन शुरू होकर सदर बाजार होते हुए ट्रंक मार्केट से निकलते हुए अपना बाजार होते हुए पार्किंग में ही संपन्न हुआ। मौके की नाजुकता देखते हुए मिनी सचिवालय जाने की बजाय नायब तसीलदार सुशील भारद्वाज ने ट्रंक मार्किट के कोने पर पहुंचकर उपायुक्त के नाम ज्ञापन लिया।

प्रदर्शन में संस्था के अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश कौशिक, महासचिव राजीव मित्तल, महिला अध्यक्ष रेनू गुप्ता, कृष्ण भारद्वाज, प्रदर्शन संयोजक योगिता कटारिया, राम बहादुर सिंह, अल्पना त्यागी, सुंदरी खत्री, लक्ष्मी यादव, पिंकी, सुनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## फेसबुक पर दोस्ती करके सेवानिवृत्त शिक्षक से 11.77 लाख रुपये ठगे

**गुरुग्राम।** फेसबुक पर दोस्ती करके जालसाज महिला ने सेवानिवृत शिक्षक से 11.77 लाख रुपये की ठगी कर ली। महिला ने खुद को इंग्लैंड की रहने वाली बताया और भारत घूमने आने के लिए कहा। इसके बाद अन्य जालसाज ने एयरपोर्ट का अधिकारी बनकर महिला के एयरपोर्ट पर पकड़े जाने की बात कहकर रुपये ट्रांसफर कराए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर अपराध थाना मानेसर में एफआईआर दर्ज की गई है। फर्रुखनगर निवासी सेवानिवृत शिक्षक रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास 20 जुलाई को फेसबुक पर विक्टोरिया फिलिप जोहान नामक महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उन्होंने फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लिया और चैट पर महिला के साथ बातचीत होने लगी। महिला ने खुद को इंग्लैंड की रहने वाली बताया और उसका मोबाइल नंबर लेकर व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू कर दी। महिला ने बताया कि वह उससे मिलने व घूमने के लिए भारत आ रही है। इसके बाद 28 जुलाई को एक व्यक्ति ने मुंबई एयरपोर्ट का इमिग्रेशन अधिकारी बनकर रामनिवास को कॉल करके बताया कि विक्टोरिया को 50 हजार डॉलर के साथ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। रामनिवास ने पेनल्टी के तौर पर 7,500 रुपये उनके द्वारा भेजे मोबाइल नंबर पर फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। जालसाजों ने एंटी मनी लॉन्ड्रिंग प्रमाण पत्र के लिए रामनिवास से 85 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।


## बिजली चोरी पर लगे जुर्माने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**गुरुग्राम।** 10 साल पहले बिजली चोरी पर लगे जुर्माने के विरोध में दायर की गई याचिका को जिला अदालत ने खारिज कर दिया है। यह आदेश सिविल जज शिवानी गर्ग की अदालत ने दिया है। बिजली निगम ने मीटर के साथ छेड़छाड़ होने पर 2.65 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। बिजली निगम की तरफ से 24 जुलाई 2015 को सेक्टर-4 में कल्पना राघव के घर पर मीटर की जांच की गई थी। मीटर के साथ छेड़छाड़ पर शक हुआ तो उसको लैब में जांच के लिए भेज दिया गया। मीटर की जांच गई तो पता चला कि मीटर की रीडिंग की रिमोट की सहायता से छेड़छाड़ की जा रही है। इस पर बिजली निगम ने उपभोक्ता पर 2.65 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। उपभोक्ता ने जुमार्ना राशि भरने के बाद अदालत में याचिका दायर की। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत के क्षेत्राधिकार के बाहर होने पर याचिका को खारिज कर दिया है।

## जहरीली हवाएं घोंट रही दम, एक्यूआई मापने के स्टेशन 11 माह से बंद

**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी की हवा में जहर घुला हुआ है। यह कितना है, इसे जानने के लिए एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) मापने के ऑटोमेटिक स्टेशन ही 11 माह से बंद पड़े हैं। मिलेनियम सिटी के बंद ऑटोमेटिक स्टेशनों के कारण स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 में गुरुग्राम को शामिल ही नहीं किया गया। तीन साल पहले वर्ष 2022 में ही गुरुग्राम को देश में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में 24वां स्थान मिला था लेकिन उसके बाद से गुरुग्राम को सर्वे लायक ही नहीं माना गया। हाल ये है कि टूटी सड़कों, वाहनों के जाम, गंदगी, कचरा जलाने के कारण गुरुग्राम के लोगों का दम जहरीली हवाएं घोंट रही हैं।

## गूगल पर जोमेटो का नंबर खोजकर किया फोन, खाते से कट गए 99 हजार




**गुरुग्राम।** जालसाज ने जोमेटो कंपनी का कर्मचारी बनकर रिफंड के नाम पर एक महिला से 99 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराध थाना दक्षिण में केस दर्ज किया है। टाटा प्रमिन्थी टावर निवासी वर्षा माथुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जोमेटो से कुछ सामान मंगाया था, जोकि डिलीवर नहीं हुआ। उन्होंने 4 सितंबर को रिफंड के लिए गूगल पर जोमेटो का नंबर सर्च किया। उस नंबर पर कॉल की तो कॉल रिसीव करने वाले ने उसके आर्डर की जानकारी बताई। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल पर पैसा रिफंड करने के लिए युवक ने वर्षा को फोन खोलने के लिए कहा और उसके दिशा-निर्देश के अनुसार चलने को कहा। वर्षा के ऐसा करते ही उसके इंडसइंड बैंक के अकाउंट से 99 हजार रुपये कट गए। रुपये कटने के बाद वर्षा माथुर ने अपने साथ ठगी होने का एहसास होने पर पुलिस को शिकायत दी।

### जेप्टो कंपनी का कर्मचारी बताकर महिला के खाते से निकाले 58 हजार

गुरुग्राम। एक जालसाज ने खुद को जेप्टो कंपनी का कर्मचारी बताकर महिला के बैंक खाते से 58 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी तो साइबर अपराध थाना पूर्व में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। सेक्टर-28 निवासी प्रियंका अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 सितंबर को अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले खुद को ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी जेप्टो केयर का कर्मचारी बताया। इसके बाद प्रियंका को बातों में उलझाकर उसके बैंक खाते से 58 हजार रुपये निकालकर धोखाधड़ी की।

## डूसू चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन, 18 सितंबर को होगी वोटिंग; तीसरे वर्ष के छात्र भी लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए बुधवार नामांकन करने का अंतिम दिन है। उम्मीदवार दोपहर तीन बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। उम्मीदवार 11 सितंबर दोपहर 12 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मंगलवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (आइसा) व स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के संयुक्त पैनल ने अपने प्रत्याशियों के पर्चे दाखिल करवा दिए। बता दें कि डूसू चुनाव 18 सितंबर को होना है।



### छात्र संगठनों की तैयारी

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जैसे प्रमुख छात्र संगठनों ने बुधवार को ही अपने उम्मीदवारों का नामांकन कराने की रणनीति तैयार की है। एनएसयूआई जहां 10-11 उम्मीदवारों के नामांकन कराएगी, वहीं एबीवीपी ने आठ से नौ उम्मीदवारों के नामांकन कराने का फैसला किया है। छात्र संगठन पैनल की घोषणा नाम वापसी वाले दिन ही करेंगे। डीयू प्रशासन ने एक अधिसूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि नामांकन पत्र के साथ 500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट समेत अन्य दस्तावेज लगाना जरूरी है। छात्र यह हलफनामा इसलिए देंगे कि अगर वे जमानत के उल्लंघन में शामिल होते हैं, तो उन पर जुमार्ना लगाया जा सके। डीयू प्रशासन ने आखिरी दिन होने के चलते नामांकन प्रक्रिया के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। किसी तरीके के हुड़दंग से बचने के लिए पुलिस और डीयू सुरक्षाकर्मियों तैनात रहेंगे। बुधवार को ही 3.15 बजे तक फॉर्म की छंटनी की जाएगी। जिसके बाद शाम 6:00 बजे तक उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी जाएगी।

इसके बाद 11 सितंबर 12 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापस लिए जाने के बाद 11 सितंबर को शाम पांच बजे तक उम्मीदवारों की अंतिम लिस्ट जारी की जाएगी।

## नमो भारत कॉरिडोर के कारण गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर तीन फ्लाईओवर का काम अटका

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम-फरीदाबाद स्टेट हाईवे के साथ गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा तक आरआरटीएस कॉरिडोर (नमो भारत ट्रेन) प्रस्तावित है। स्टेट हाईवे पर घाटा मोड़, खुशबू चौक (डीएलएफ) और पाली चौक क्रशर जोन (फरीदाबाद) पर फ्लाईओवर का निर्माण होना है। आरआरटीएस के अलाइनमेंट फाइनल नहीं होने से तीनों फ्लाईओवर के निर्माण की योजना अटकी हुई है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह ने बताया कि तीनों फ्लाईओवर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को भेजी गई है। उन्होंने बताया कि एनसीआरटीसी की ओर से गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड से आरआरटीएस कॉरिडोर बनाया जाना है। ऐसे में एनसीआरटीसी को आरआरटीएस के अलाइमेंट को तय करने को कहा गया है।

इसके बाद तीनों जगहों पर फ्लाईओवर की डीपीआर को फाइनल कर सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। अधिकारी ने बताया कि एनसीआरटीसी के अधिकारियों को



इस बारे में चर्चा के लिए बुलाया गया है। एनसीआरटीसी ने गुरुग्राम-फरीदाबाद का सर्वे करा लिया है।

### 60 हजार लोग झेल रहे हैं जाम

फरीदाबाद से गुरुग्राम रोजाना 60 हजार से ज्यादा लोग आते हैं। सुबह-शाम गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर घाटा मोड़, बंधवाड़ी ट्रैफिक लाइट और पाली चौक पर सबसे ज्यादा जाम लगता है। दूसरा गुरुग्राम में ब्रिस्टल चौक पार करते ही खुशबू चौक पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। यह चौक गोल्फ कोर्स रोड से एमजी रोड को जोड़ता है। प्रदेश सरकार की गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड को जाम मुक्त बनाने की योजना है। इसके लिए तीनों जगहों पर फ्लाईओवर के निर्माण की योजना है।

## फेसबुक पर दोस्ती करके सेवानिवृत्त शिक्षक से 11.77 लाख रुपये ठगे

**गुरुग्राम।** फेसबुक पर दोस्ती करके जालसाज महिला ने सेवानिवृत शिक्षक से 11.77 लाख रुपये की ठगी कर ली। महिला ने खुद को इंग्लैंड की रहने वाली बताया और भारत घूमने आने के लिए कहा। इसके बाद अन्य जालसाज ने एयरपोर्ट का अधिकारी बनकर महिला के एयरपोर्ट पर पकड़े जाने की बात कहकर रुपये ट्रांसफर कराए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर अपराध थाना मानेसर में एफआईआर दर्ज की गई है। फर्रुखनगर निवासी सेवानिवृत शिक्षक रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास 20 जुलाई को फेसबुक पर विक्टोरिया फिलिप जोहान नामक महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उन्होंने फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लिया और चैट पर महिला के साथ बातचीत होने लगी। महिला ने खुद को इंग्लैंड की रहने वाली बताया और उसका मोबाइल नंबर लेकर व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू कर दी। महिला ने बताया कि वह उससे मिलने व घूमने के लिए भारत आ रही है। इसके बाद 28 जुलाई को एक व्यक्ति ने मुंबई एयरपोर्ट का इमिग्रेशन अधिकारी बनकर रामनिवास को कॉल करके बताया कि विक्टोरिया को 50 हजार डॉलर के साथ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। रामनिवास ने पेनल्टी के तौर पर 7,500 रुपये उनके द्वारा भेजे मोबाइल नंबर पर फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। जालसाजों ने एंटी मनी लॉन्ड्रिंग प्रमाण पत्र के लिए रामनिवास से 85 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

## विदेशी महिला के शव का हुआ पोस्टमार्टम, एक्सीडेंट में चोटों के कारण मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर थाना क्षेत्र में आईएमटी मानेसर फ्लाईओवर के पास रविवार की सुबह अर्धनग्न अवस्था में मृत मिली महिला के शव का मंगलवार की देर शाम डॉक्टरों के गठित बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। दिल्ली स्थित युगांडा दूतावास के नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मिलने के बाद ही मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकी। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों के अनुसार महिला की मौत की वजह दुर्घटना में लगी चोटों को बताया जा रहा है। हालांकि बिसरा को लैब में जांच के लिए भेजा गया है ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

युगांडा के कंपाला शहर निवासी नसीमवा मेडिना पिछले कुछ समय से दिल्ली में रहती थी और वहां पर एक सैलून में काम करती थी। मृत



महिला के बारे में गुरुग्राम पुलिस ने पहचान करके युगांडा के दूतावास में जानकारी दी। दूतावास ने मृत महिला के परिजनों से संपर्क किया और मामले के बारे में बताया। अभी तक मृतका के परिजन या दूतावास के अधिकारी गुरुग्राम नहीं पहुंचे हैं। हालांकि मृतका के कई दोस्त पिछले तीन दिनों से मोर्चरी में आ रहे हैं।

### एनओसी के बाद हुआ पोस्टमार्टम

मृत महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए गुरुग्राम पुलिस की टीम तीन दिन से भागदौड़ कर रही थी। रविवार को युगांडा दूतावास में संपर्क करके मृतका के बारे में जानकारी हासिल की गई। वहीं, सोमवार को पुलिस ने एनओसी के लिए युगांडा दूतावास को मेल भेजी और एक पुलिसकर्मी को फोटोप्रति के साथ दूतावास भेजा गया। मंगलवार को मामले के जांच अधिकारी एनओसी लेकर आए और देर शाम को पोस्टमार्टम हो सका।

**पोस्टमार्टम में दुर्घटना से मौत होने की जताई वजह :** युगांडा निवासी मृत महिला के पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का बोर्ड गठित किया गया था। मंगलवार की देर शाम हुए पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों के अनुसार महिला की मौत की वजह दुर्घटना में लगी चोटों को बताया जा रहा है।

हालांकि बिसरा को लैब में जांच के लिए भेजा गया है ताकि मौत की सही कारणों का पता चल सके। वहीं, बिसरा जांच में यह भी पता चल सकेगा कि महिला के साथ दुष्कर्म हुआ था या नहीं। पोस्टमार्टम और बिसरा की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में सही वजह का पता चल सकेगा।

**60 घंटे बाद भी आरोपी की पहचान नहीं :** रविवार की सुबह करीब 5.30 बजे पुलिस को विदेशी महिला का शव मिलने के 60 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद मंगलवार की देर शाम तक महिला की मौत के बारे में खुलासा नहीं हो पाया है।

### शव ले जाने को लेकर आज लिया जा सकता है निर्णय

मृत महिला के शव को लेकर बुधवार युगांडा दूतावास द्वारा निर्णय लिया जा सकता है। मंगलवार की देर शाम हुए शव का पोस्टमार्टम के दौरान दूतावास के अधिकारी मौजूद नहीं थे। ऐसे में कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद बुधवार को शव गुरुग्राम से ले जाया जा सकता है। फिलहाल भी पुलिस भी इस बारे में कुछ नहीं बोल रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फिलहाल युगांडा दूतावास की ओर से ही इसके बारे में निर्णय लिया जाना है।

मामले में जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जा चुका है।

## फूलों से हार बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



नगर प्रतिनिधि | भोपाल

अग्रवाल समाज दमोह द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में किया जाता रहा है जिसमे सभी आयु वर्ग की महिलाएं व लडकिया बढ़ चढ़ कर भाग लेती हैं।इस क्रम में सबसे पहले अग्रवाल महिला मिलन समिति के द्वारा फूलो से माला बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले महाराजा अग्रसेन जी की आरती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री जीवन अग्रवाल जी,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल जी,तरुण मंच के अध्यक्ष श्री दीपक अग्रवाल जी, महिला मिलन की अध्यक्ष श्रीमती संगीता, उपाध्यक्ष सीमा, सचिव वीणा, सहसचिव रचना, कोषाध्यक्ष सपना, सांस्कृतिक सचिव रश्मि, मीडिया प्रभारी सपना,पूर्व अध्यक्षो व अग्रवाल समाज की बहनों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में आभा, निशा, सीता रानी, प्राची, अंजलि, मृदुला, रिद्धि, राधा, करुणा ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रायोजक सारिका श्री विजय अग्रवाल व अनुषा श्री अमित अग्रवाल रहे। अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष श्री राजबहादुर जी का धर्मशाला की सभी व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव टॉपर 7832 विद्यार्थियों को देंगे स्कूटी का उपहार

### बालिकाओं को सेनिटेशन-हाईजीन सहायता की राशि का भी सिंगल क्लिक से करेंगे अंतरण

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूलों की 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले 7832 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के तहत राशि प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन 11 सितम्बर गुरूवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में प्रातः 11 बजे से होगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप और पिछड़ा वर्ग एंव अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर भी उपस्थित रहेंगी।

**टॉपर विद्यार्थियों को मिलेंगी स्कूटी की राशिः** प्रदेश मे निःशुल्क ई-स्कूटी/आईसीईएस योजना शैक्षणिक सत्र 2022-23 से संचालित की जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राऐं पात्र होते हैं जिन्होंने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री कक्षा 12वीं में समस्त संकाय को शामिल कर अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में टॉप किया हो। बालिका विद्यालय की दशा में स्कूल की टॉपर एक बालिका को, बालक विद्यालय होने की दशा में एक टॉपर बालक को एवं को-एड स्कूल जिसमें बालक बालिकाएं दोनों अध्ययनरत हों की दशा में स्कूल की एक टॉपर बालिका एवं एक टॉपर बालक अर्थात एक स्कूल से दो विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2024-25 के लिए 12वीं की परीक्षा में 7,832 स्कूल टॉपर्स विद्यार्थियों को स्कूटी राशि प्रदान की जायेगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव समग्र शिक्षा की सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना अंतर्गत वर्ष 2025 में कक्षा 7वीं से 12वीं की 20 लाख 37 हजार 439 बालिकाओं को लगभग 61 करोड़ रूपये डीबीटी द्वारा बालिकाओं के बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस योजना के तहत शासकीय विद्यालयों की कक्षा सातवीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालिकाओं को स्वास्थ्य स्वच्छता के लिये300 रूपये की राशि प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में 20 हजार 100 बालिकाओं के बैंक खातों में 7 करोड रूपयों की स्टायपंड राशि भी अंतरित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप (IV) योजना अंतर्गत छात्रावासों में निवासरत बालिकाओं को टी.एल.एम एवं स्टायपंड के लिए प्रति बालिका 3400 रूपये प्रति वर्ष प्रदान की जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग और जनसंपर्क विभाग के द्वारा उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर किया जायेगा। एनआईसी वेबकास्ट के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्मस् पर उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा।


## आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए प्रो. गुलाब चंद्र अग्रवाल





नगर प्रतिनिधि | भोपाल

विगत दिवस शहडोल डिग्री कॉलेज से सेवा निवृत्त प्राचार्य प्रो. गुलाब चंद्र अग्रवाल को साकार एकेडमी (स्व. डॉ. एस. पी. सिंह स्मृति सेवा समिति) द्वारा भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंदौर संभाग के आयुक्त श्री दीपक सिंह, शहडोल संभाग की आयुक्त मैडम सुरभि गुप्ता एवं शंभूनाथ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आर. एस. दुबे ने उनके सम्मान में सम्मान पत्र, शाल एवं श्रीफल भेंट किया। परिवार ने विशेष तौर पर उम्र के इस पड़ाव में पिता जी को आदर एवं सम्मान के साथ याद करने के लिए आयुक्त इंदौर दीपक सिंह एवं रवि सिंह के प्रति ह्रदय से आभार व्यक्त किया है। अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत के प्रकांड विद्वान प्रो. अग्रवाल वर्तमान में स्वस्थ एवं प्रसन्नचित हैं। परिवार एवं ईष्ट-मित्र ईश्वर से उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना कर रहे हैं। 98 वर्ष की आयु होने के कारण उनके छोटे बेटे श्री दिलीप कुमार अग्रवाल ने अपने पिता जी के लिए यह सम्मान ग्रहण किया।



# शिक्षा स्वयं और समाज के विकास के लिए भी जरूरी हैः रामेन्दर

### शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी हैः श्रीमती डॉ निशा सक्सेना

**भोपाल।** संस्कार विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव श्री रामेन्दर जी, विषेष अतिथि बाल आयोग की सदस्या श्रीमती डॉ. निषा सक्सेना, संस्था के अध्यक्ष श्री सुशील वासवानी, सचिव श्री बसंत चेलानी, सहसचिव श्री नरेष वासवानी, कोषाध्यक्ष श्री चन्दर नागदेव, श्री कमल प्रेमचन्दानी, श्री अजय सक्सेना, श्री कार्तिक सक्सेना, द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ एवं गीता के श्लोकों का वाचन कर एवं माँ सरस्वती, संतजी एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन की मूर्ति पर दीपप्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर एवं उनकी आरती उतार कर उनकी वन्दना की। सर्वप्रथम संस्था के सचिव श्री बसंत चेलानी आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए एवं परिचय देते हुए सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी एवं कहा कि संस्कार विद्यालय में आज शिक्षक सम्मान समारोह मनाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित



करते हुए कहा कि शिक्षक ज्ञान का भण्डार होते है, अतः विद्यार्थियों को जितना हो सके अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव श्री रामेन्दर जी ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक सब मिलजुल कर कार्य करते हैं एवं सबको एक साथ लेकर चलते हैं, शिक्षा स्वयं के लिये और समाज के विकास के लिए भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों को हनुमान चालीसा की कुछ चौपाईयों का महत्व बताते हुए कहा कि इन चौपाईयों को प्रतिदिन पढ़ने से बुद्धि, विवेक और ज्ञान में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्रीमती डॉ. निशा सक्सेना ने कहा कि शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है, शिक्षा का उद्देष्य केवल डिग्री लेना ही नहीं बल्कि शिक्षा का उद्देष्य बच्चों को एक श्रेष्ठ नागरिक बनाना होना चाहिए, श्रेष्ठ विद्यार्थी के पाँच लक्षण होते हैं जिनमें माता-पिता का सम्मान करना, शिक्षक का सम्मान करना, सरल व सहज व्यक्तित्व, विनम्र होना और अपने कार्य को पूरी लगन और मेहनत से करना, शिक्षक केवल एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि ऊर्जा और प्रेरणा का स्त्रोत होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें संस्था के अध्यक्ष श्री सुशील वासवानी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परंपरा आदिकाल से चली आ रही है, प्राचीन काल में गुरू को गुरू दक्षिणा देकर सम्मानित किया जाता है, उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है जिससे हनुमान जी की कृपा हमारे विद्यालय और बच्चों पर बनी रहती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती प्रिया थानवानी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री आर. के. मिश्रा, कोर्डिनेटर श्रीमती सीमा शर्मा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष श्री चन्दर नागदेव ने आए हुए सभी अतिथियों का संस्कार परिवार की तरफसे हार्दिक अभिवादन एवं आभार व्यक्त किया एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

## सत्येंद्र साहू की किताब का बुंदेली समागम में विमोचन



**भोपाल।** लेखक सत्येंद्र साहू द्वारा लिखित पुस्तक ने करो का भव्य विमोचन रविवार को रविंद्र भवन में मप्र शासन के परिवहन एवं शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं बुंदेली बौछार के डायरेक्टर सचिन चौधरी के द्वारा बुंदेली समागम में किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में साहित्य और संगीत प्रेमियों सहित बुंदेली कलाकारों एवं बुंदेलखंड से आकर भोपाल में रहने वालों की उपस्थिति रही। लेखक सत्येंद्र साहू ने बताया कि यह पुस्तक नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर सोच को मोड़ने का एक प्रयास है। वे कलम के माध्यम से समाज में जागरूकता और बदलाव लाने का कार्य कर रहे हैं। आज के दौर में गलत काम ने करो, घमंड ने करो, लालच ने करो जैसे कई नकरात्मक विषयो को सकरात्मक की और लिखने का प्रयास किया है।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने मंत्रालय में की विभागीय समीक्षा

# अनाधिकृत रूप से उपस्थिति दर्ज करने वाले अतिथि विद्वानों के प्रकरण शीघ्र किए जाएं निराकृत : परमार

**भोपाल, नप्र।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सोमवार को मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में, उच्च शिक्षा विभाग की बैठक लेकर विविध विभागीय गतिविधियों एवं कार्यो के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने फॉलन आउट अतिथि विद्वानों को, जो मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहायक प्राध्यापकों की पदस्थापना से या स्थानांतरण से प्रभावित हुये है, ऐसे अतिथि विद्वानों के प्रकरणों में विचार करते हुये पृथक से विकल्प भरने का अंतिम अवसर प्रदान करने के निर्देश दिये। श्री परमार ने सार्थक पोर्टल पर अनाधिकृत रूप से उपस्थिति दर्ज करने वाले अतिथि विद्वानों के प्रकरणों में विचार करते हुये, संबंधित द्वारा इस प्रकार की पुनरावृत्ति न होने की प्रतिबद्धता के साथ, शीघ्र निराकृत करने को कहा।मंत्री श्री परमार ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों में एकल संकाय से बहुसंकाय एवं स्नातक से स्नातकोत्तर किए



जाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा कर, आवश्यक निर्देश दिए। श्री परमार ने विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर, परफॉमेंस इंडेक्स तैयार करने की कार्ययोजना पर क्रियान्वयन करने को कहा। मंत्री श्री परमार ने नकल पर नकेल कसने, परीक्षा पद्धति को पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली एवं विधि महाविद्यालय से जुड़े विषयों सहित अन्य बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा श्री प्रबल सिपाहा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आरजीपीवी में एबीवीपी का प्रदर्शन, झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज को मेडिकल कॉलेज में बदलने के प्रस्ताव का विरोध

भोपाल । झाबुआ के एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज को मेडिकल कॉलेज में बदलने के प्रस्ताव को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। झाबुआ के एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज को मेडिकल कॉलेज में बदलने के प्रस्ताव को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल RGPV के कुलपति ने कॉलेज को 60 करोड़ रुपये में मेडिकल कॉलेज के लिए देने का प्रस्ताव रखा है। एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन और शासन को चेतावनी दी कि जनजातीय छात्रों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुलपति का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि यह संघर्ष केवल एक कॉलेज का नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के शैक्षिक अधिकारों और आत्मसम्मान का आंदोलन है। झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज, जिसे आदिवासी अंचल के छात्रों को इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के विशेष उद्देश्य से स्थापित किया गया था, उसी उद्देश्य के साथ सुरक्षित रखा जाए। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कहा क झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज जनजातीय छात्रों के लिए शिक्षा का प्रकाशस्तंभ है। इसे किसी भी कीमत पर कमजोर या परिवर्तित करने का प्रयास नहीं होने दिया जाएगा। परिषद हर स्तर पर संघर्ष करेगी और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाते। प्रांत सहमंत्री, अभाविप हिमांशु शर्मा ने कहा कि झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज ,जनजातीय छात्र जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते थे उनकी सुविधा के लिए बनाया गया था और उसके मूल उद्देश्य को सुरक्षित रखा जाए अन्यथा छात्र हित वह राष्ट्रहित में विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।

## जनश्री लोक कल्याण समिति के दशहरा महोत्सव आयोजन का पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने किया भूमिपूजन



**भोपाल।** जनश्री लोक कल्याण समिति द्वारा विगत कई वर्षों से दशहरे उत्सव का कार्यक्रम करता आ रहा है । आज समिति द्वारा दशहरा महोत्सव का भूमि पूजन पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा किया गया। और बताया कि इस बार रावण दहन के साथ-साथ रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन भी समिति द्वारा किया जाएगा। जैन श्री लोक कल्याण समिति भूमि पूजन के अवसर पर किशन सूर्यवंशी डॉक्टर रमाकांत राकेश जोशी रामेश्वर राय दीक्षित आसाराम योगेश गुप्ता राजेश सिंह आदित्य शंकर मकोरिया डिंपल श्रीवास्तव कमल और समिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुए। जैन श्री लोक कल्याण समिति दशहरा उत्सव की जानकारी गोविंद कहारे द्वारा मीडिया को जानकारी दी गई।

## पहली थायरॉइड-मोटापे की होम्योपैथी यूनिट शुरू महिलाओं और युवाओं को मिलेगा केमिकल फ्री इलाज

### भोपाल के बाद होगा राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार

**भोपाल,एजेंसी।** राजधानी के शासकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में मंगलवार को थायराइड और मोटापा (हाइपोथायरायडिज्म और ओबेसिटी) यूनिट शुरू की गई। इसका मकसद मरीजों को होम्योपैथी की दवाओं और रिसर्च के जरिए बेहतर और लंबे समय तक असरदार इलाज देना है।

यह यूनिट भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और केंद्रीय होम्योपैथी रिसर्च काउंसिल की पहल पर शुरू की गई है। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों, सहायक चिकित्सकों और लैब एक्सपर्ट्स की टीम काम करेगी। यह टीम यूनिट थायराइड से जुड़ी बीमारियों के तुरंत असर और लंबे समय में होने वाले दुष्प्रभाव दोनों पर रिसर्च और इलाज करेगी।

**भागदौड़ भरी जिंदगी में थायरॉइड-मोटापा आम परेशानी-** कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके मिश्रा ने बताया कि यह मध्यप्रदेश की पहली यूनिट है जो आयुष मंत्रालय के मानकों पर चल रही है। होम्योपैथी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर लंबे समय तक अच्छा स्वास्थ्य देती है। उन्होंने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में थायरॉइड और मोटापा आम परेशानी बन चुके हैं। खासकर महिलाएं इससे ज्यादा जूझती हैं। कई बार रासायनिक दवाओं के लंबे इस्तेमाल से वजन बढ़ जाता है और हड्डियों जोड़ों की समस्याएं सामने आने लगती हैं।

**केमिकल दवाओं से बनाएंगे दूरी :**डॉक्टरों का कहना है कि थायराइड की दवाएं लगातार लेने पर मरीज का वजन बढ़ने लगता है और आगे चलकर कई बड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। होम्योपैथी इलाज इस जोखिम को कम करने में मददगार हो सकता है और मरीज को सुरक्षित भविष्य दे सकता है। इस यूनिट में मिलने वाले इलाज का लक्ष्य सिर्फ बीमारी खत्म करना नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।

**महिलाओं पर फोकस-**यूनिट की प्रभारी डॉ. जूही गुप्ता ने बताया कि यह समस्या सबसे ज्यादा महिलाओं में देखी जाती है। समय पर इलाज न मिले तो 50 साल की उम्र के बाद यह गंभीर हड्डी और जोड़ रोग का कारण बन जाती है। गर्भावस्था के दौरान होने वाले सामान्य हार्मोनल बदलाव को भी अक्सर बीमारी मानकर दवाएं दी जाती हैं, जिससे महिलाएं जीवनभर दवाओं पर निर्भर हो जाती हैं।

## सुअर पालकों को नगर निगम सीमा से बाहर स्थान आवंटित कर ऋण की सुविधा मिले : आलोक शर्मा

### सांसद आलोक शर्मा ने स्वच्छता पर संसदीय स्थाई कमेटी को दिए सुझाव

**भोपाल, नप्र।** सांसद आलोक शर्मा ने सोमवार को संसद भवन के एनेक्सी में आयोजित आवासन एवं शहरी विकास मामलों की संसदीय स्थाई कमेटी की बैठक में सहभागिता की। इस दौरान सांसद शर्मा ने कमेटी के अध्यक्ष श्री एम श्रीनिवसुलु रेड्डी का ध्यान शहरों की स्वच्छता की ओर आकर्षित कराते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसे संसदीय स्थाई कमेटी के अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। सांसद शर्मा ने कहा कि शहरों के अंदर रहवासी कालोनियों सुअर घूमते रहते हैं और गंदगी फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ समाजें सुअर पालन का काम करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इन सुअर पालकों को नगर निगम सीमा के बाहर स्थान आवंटित कर ऋण की सुविधा प्रदान किए जाने की योजना बनाई जाए जिससे शहरों से ये गंदगी हटाई



जा सके। साथ ही सांसद शर्मा ने शहरों में जगह-जगह सीवर चैंबर खुले रहते हैं। इनमें या तो ढक्कन होते नहीं हैं या फिर टूट जाते हैं। इन खुले चेंबरों से कई बार राहगीरों के एक्सीडेंट हो जाते हैं। सांसद शर्मा ने सुझाव दिया कि इनके स्थायित्व की ठोस योजना बनाई जाए। इसी प्रकार सांसद शर्मा ने कहा कि आज हम स्वच्छता की बात कर रहे हैं लेकिन खुले में शौच अभी भी जारी है। इसे रोके जाने की भी योजना बनाई जाना चाहिए। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि हम ठोस प्रयासों से ही स्वच्छता के उद्देश्यों की पूर्ति कर सकते हैं। कमेटी के चेयरमैन रेड्डी ने सांसद आलोक शर्मा के सुझावों पर सहमति व्यक्त करते हुए इन्हें स्वीकार कर लिया है।

# अनुपमा होगी अब तक के सबसे बड़ी साजिश की शिकार



रुपाली गांगुली के शो अनुपमा में कदम-कदम पर नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं. अगले पल शो में क्या हो जाएगा किसी को नहीं पता. मेकर्स भी अनुपमा को टीआरपी की लिस्ट में टॉप पर बनाए रखने के लिए कोई जतन नहीं छोड़ रहे हैं. शो में अब तक देखने को मिला कि गौतम गांधी कैसे भी अनुपमा से बदला लेना चाहता है.ऐसे में वो डांस कॉम्पिटिशन आयोजित करने वाले टीम के एक क्रू मेंबर को पैसे देकर अनुपमा को एक कमरे में बंद करवा देता है. इस दौरान गौतम की हरकतों को तोषू रिकॉर्ड कर लेता है. ऐसे में शाह हाउस से लेकर कोठारी हाउस तक के लोगों के होश उड़ जाते हैं कि आखिर ऐन मूमेंट पर अनुपमा कहां चली गई.वहीं, पाखी कहती है कि कहीं मम्मी भाग तो नहीं गई, लेकिन देविका उसको डांट लगाती है.इतना ही नहीं बल्कि दर्शक वगैरा सभी बोल रहे होते हैं कि कहीं अनुपमा भाग तो नहीं गई, तब तोषू कहता है कि वो भागी नहीं है. तोषू की बातें सुन किंजल हैरान होकर उसे देखने लगती है.इधर, अनुपमा के गायब होने से राही के भी होश उड़े होते हैं. वहीं, पराग देख लेता है कि गौतम अकेले में बेहद खुश हो रहा होता है, झूम रहा होता. गौतम से पराग पूछता है कि इतने खुश क्यों हो रहे हो. वो बोलता है ऐसे ही. पराग बोलता है जहां तक मुझे पता है तुम पागल तो नहीं हुए हो और अनुपमा जी-राही दोनों को तुम जीतते हुए देखना नहीं चाहते, फिर खुशी किस बात की है.पराग को गौतम अपनी बातों से बहलाना चाहता है, लेकिन उसे शक हो जाता है. पराग मन ही मन सोच रहा होता है कि कहीं अनुपमा जी के गायब होने के पीछे गौतम का तो हाथ नहीं है. वहीं, अनुपमा आग जलाती है जिससे फायर अलॉर्म बजने लगे. इतने में पराग की नजर कमरे से निकल रहे धुएं पर पड़ती है.जल्द ही अनुपमा को पराग उस कमरे से बाहर निकालेगा और वो डांस कॉम्पिटिशन में पार्टिसिपेट करके फाइनल राउंड जीत लेगी. लेकिन, इस दौरान भी उसे एक मुश्किल का सामना करना पड़ेगा. दरअसल, अनुपमा की आखों में जो दवाई डाली जाती है, उसमें किसी ने कुछ मिला दिया होता है. इस वजह से अनुपमा को कुछ साफ दिख नहीं रहा होता है, फिर भी वो हिम्मत नहीं हारती और डांस करके जीत हासिल करती है।



# श्रीराम चंद्र कर रहे हैं तेलुगु इंडियन आइडल 4 को होस्ट

दो सीज़न होस्ट करने के बाद, श्रीराम चंद्र एक बार फिर सिंगिंग रियलिटी शो तेलुगु इंडियन आइडल के चौथे सीज़न को होस्ट कर रहे हैं। अपनी हाज़िरजवाबी और करिश्माई अंदाज़ के लिए पसंद किए जाने वाले ये गायक एक बार फिर माइक संभालते दिखाई दे रहे हैं।श्रीराम खुद इंडियन आइडल के विजेता रह चुके हैं। उनका मानना है कि यह शो उन्हें एक नया रास्ता दिखाता है। वे कहते हैं, ऊमुझे उस मंच पर खड़े होने का अनुभव है, जहाँ अब नए कंटेस्टेंट्स खड़े होंगे, इसलिए मैं समझ सकता हूँ कि वे किस दौर से गुज़र रहे होंगे। साथ ही, होस्ट बनने से मुझे अपने दर्शकों के साथ अलग तरीके से जुड़ने का मौका मिलता है और मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूँ।इस सीज़न के टैलेंट के बारे में बात करते हुए, श्रीराम कहते हैं, इस साल हमें कुछ शानदार प्रतिभाएँ मिली हैं, सभी की आवाज़ और खासियत अलग है। दर्शक इस सीज़न में एक शानदार अनुभव के लिए तैयार रहें और मैं उन्हें यह जादू मंच पर बिखेरते हुए देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूँ।

# ऐश्वर्या राय ने एआई जनरेटेड फेक फोटो और नाम के गलत इस्तेमाल पर उठाई आवाज़

= ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेसस में से एक हैं। ऐश्वर्या राय मुख्य रूप से हिंदी और तमिल फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन अब ऐश्वर्या राय ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यह उनके फैंस के लिए एक चौंकाने वाली खबर जरूर सामने आई है।ऐश्वर्या राय बच्चन दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गई हैं। इस दौरान उन्होंने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा की मांग को लेकर याचिका दाखिल की।दरअसल, आज यानी मंगलवार को ऐश्वर्या राय ने अदालत से अपील की है कि उनकी एआई जेनरेटेड तस्वीरों के बेजा इस्तेमाल से उन्हें सुरक्षा दी जाए। ऐश्वर्या राय का कहना है कि उनकी तस्वीरों को बिना उनकी इजाजत के व्यवसायिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने अदालत से अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है। ऐश्वर्या का कहना है कि बिना उनकी इजाजत के उनकी तस्वीरों को व्यवसायिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐश्वर्या ने अपनी याचिका में कहा 'फेक इंटीमेट तस्वीरों का इस्तेमाल कॉपी, मग और अन्य सामान बेचने के लिए किया गया है। वहीं स्क्रीनशॉट्स में तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की गई है, ये सभी एआई जेनरेटेड हैं।'जस्टिस तेजस करिया ने मौखिक रूप से संकेत दिया कि वह डिफेंडेंट्स को चेतावनी देते हुए एक अंतरिम आदेश पारित करेंगे। ऐश्वर्या राय की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि एक्ट्रेस अपने प्रचार और व्यक्तित्व के अधिकारों को लागू करना चाहती हैं और उन्होंने तर्क दिया कि कुछ पूरी तरह से अनरियल इंटीमेट तस्वीरें इंटरनेट पर सर्कुलेटेड की जा रही हैं।

### हाई कोर्ट ने जारी किए आदेश

संदीप सेठी ने कहा, उनके पक्ष में किसी को भी उनकी छवि, समानता या व्यक्तित्व का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं हो सकता। लोग केवल उनका नाम और उनका चेहरा लगाकर पैसा इकट्ठा कर रहे हैं.उन्होंने कहा, उनके नाम और उनकी छवि का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। हाई कोर्ट ने मामले को आगे की कार्यवाही के लिए 7 नवंबर को संयुक्त रजिस्ट्रार के समक्ष तथा 15 जनवरी, 2026 को अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किया।बता दें, ऐश्वर्या राय पूर्व मिस वर्ल्ड रह चुकी हैं आज भी उनकी खूबसूरती के लाखों दीवाने हैं। की गिनती आज भी दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं में होती है। पिछली बार फिल्म पोन्नियन सेल्वन में देखा गया था। इस फिल्म के दो पार्ट आए थे। पहले पार्ट 2022 में आया था और दूसरा पार्ट 2023 में आया था। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले वह मॉडलिंग में अच्छा- खासा मुकाम हासिल कर चुकी थीं। ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने 25 साल से अधिक के करियर में मुख्य रूप से हिंदी और तमिल भाषाओं में 50 से अधिक फिल्में की हैं। उन्होंने एक एक्ट्रेस के तौर पर अपना काम मणिरत्नम की 1997 की तमिल फिल्म इरुवर से शुरू किया था, और उसी साल उन्होंने और प्यार हो गया से हिंदी सिनेमा में कदम रखा।





# हरनाज का ग्लैमरस अवतार देख फैंस बोले- दीपिका की वाइब्स आ रही हैं

**मिस यूनिवर्स हरनाज संधू ने फिल्म बागी 4 से बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की है**

*बागी 4 के गाने ये मेरा हुस्न में हरनाज कौर का ग्लैमरस अवतार छा गया है. लेकिन कई यूजर्स ने गाने में उन्हें देखकर 'नई दीपिका पादुकोण' कह दिया है. हरनाज का ये अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.*

मिस यूनिवर्स हरनाज संधू ने फिल्म बागी 4 से बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की है. फिल्म में वो टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त के साथ नजर आई हैं. फिल्म के गाने 'ये मेरा हुस्न' में हरनाज का बिकिनी लुक और ग्लैमरस डांस स्टाइल फैंस को खूब पसंद आया. उनके लुक और एक्सप्रेशंस को देखकर लोगों ने इसकी तुलना दीपिका पादुकोण के बेशरम रंग से कर दी है.बागी 4 के गाने ये मेरा हुस्न में हरनाज कौर का ग्लैमरस अवतार छा गया है. लेकिन कई यूजर्स ने गाने में उन्हें देखकर 'नई दीपिका पादुकोण' कह दिया है. हरनाज का ये अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.गाने में हरनाज बीच पर बिकिनी में अपने टोन्ड फिगर को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं.गाने को तनीष्क बागची ने कंपोज किया है, आवाज दी है शिल्पा राव ने, बोल लिखे हैं समीर अंजन ने और कोरियोग्राफी बॉस्को मार्टिस ने की है.गौरतलब है कि पठान के गाने बेशरम रंग में भी दीपिका पादुकोण ने मोनोकिनी में गजब अंदाज दिखाया था, जिसने काफी सुर्खियां बटोरी थीं. उस गाने को भी शिल्पा राव ने ही गाया था.अब फैंस को बेशरम रंग और ये मेरा हुस्न एक जैसा लग रहा है. एक यूजर ने लिखा- सस्ता बेशरम रंग. कुछ ने इसे Besharam Rang 2.0 और Besharam Rang lite बताया. कुछ फैंस ने तो हरनाज को नई दीपिका पादुकोण तक कह डाला.बागी 4' इस एक्शन फ्रैंचाइजी की चौथी किस्त है, जिसकी शुरुआत 2016 में टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर के साथ हुई थी.फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने लिखा और प्रोड्यूस किया है, जबकि निर्देशन किया है ए. हर्षा ने. फिल्म में टाइगर श्रॉफ, हरनाज़ संधू और संजय दत्त के अलावा सोनम बाजवा भी मुख्य भूमिका में हैं. ये फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है.इससे पहले बागी 4 के ही गाने बहली सोहणी में हरनाज की टाइगर श्रॉफ के साथ झलक दिखाई गई थी, तब फैंस ने उनकी तुलना प्रियंका चोपड़ा से की थी. हरनाज की शानदार वजन कम करने की ट्रांसफॉर्मेशन ने भी लोगों को चौंका दिया था।



# परिवार कनेक्ट बना परिवार को जोड़ने का अनूठा माध्यम

बच्चे अक्सर कामकाज आदि के सिलसिले में घर या शहर से बाहर चले जाते हैं और घर में रह जाते हैं परिवार के अन्य सदस्य। वे भी अपनी जिम्मेदारियों और अन्य कामों के चलते अक्सर व्यस्त रहते हैं। ऐसे में, अपने लिए समय निकालना और विशेष रूप से अपने हुनर को दिखाने का अवसर लगभग न के बराबर ही मिलता है। इस बात की गहराई को समझते हुए उत्तर भारत की सर्वश्रेष्ठ पीआर संस्था, पीआर 24×7 ने हाल ही में परिवार कनेक्ट नाम का अपनी तरह का सबसे अनूठा वर्चुअल इवेंट आयोजित किया, जो कंपनी के एम्प्लॉयीज़ और उनके परिवारों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। प्रथम पुरस्कार उजैन की रहने वालीं 73 वर्षीय किरण गौर को आजा सनम मधुर चाँदनी में हम गीत पर मधुर स्वर में प्रस्तुति देने के एवज में प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों में सबसे उम्रदराज होने के बावजूद उनका जज़्बा देखने लायक था। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के अंत को सुमधुर बनाते हुए उन्होंने एक खूबसूरत लोकगीत भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, संगीत से मुझे अपार प्रेम है, लेकिन सबके सामने अपनी आवाज़ में गीत गाने का कभी अवसर नहीं मिला। उम्र के इस पड़ाव में अपना हुनर दिखा पाना बहुत बड़ी बात है, ऐसे में यह मंच मेरे दिल के बहुत करीब है।

द्वितीय पुरस्कार ऐ मेरी जोहराजबीं गाने पर कपल डांस से सभी का मन मोह लेने वाले कीर्ति और दिनेश टंडन, खूबसूरत गरबा प्रस्तुति के लिए दीप्ती और निर्भय सिंह यादव तथा खामोशियाँ गाने पर दमदार गायन के लिए तनुश्री और मानव जैन के नाम हुआ। तृतीय पुरस्कार भजन अयुतम केशवम कृष्ण दामोदरम् पर प्रस्तुति के लिए शांति शुक्ला और पंजाबी गीत जिन्ना मेरा तोड़दा ऐ दिल पर उम्दा प्रस्तुति के लिए रंजीता उमठ को प्रदान किया गया।पीआर 24×7 के फाउंडर अतुल मलिकराम ने बताया कि इस इवेंट को आयोजित करने का एकमात्र उद्देश्य एम्प्लॉयीज़ के परिवार के सदस्यों को वह मंच देना था, जो उनके स्कूल और कॉलेज के दिनों के बाद शायद उन्हें कभी नहीं मिला। इस मंच के माध्यम से उन्होंने अपने हुनर को खुलकर पेश किया। वे लोग अपने बचपन को एक बार फिर से जी पाएँ और अपने हुनर को खुद से भी आगे रखें, यहीं बताने का छोटा-सा प्रयास था परिवार कनेक्ट।



## मोर्केल ने एशिया कप से पहले कुलदीप की जमकर तारीफ की, कहा- वह एक बहुत ही पेशेवर एथलीट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने एशिया कप 2025 के शुरुआती मैच से पहले कुलदीप यादव की प्रशंसा की। कुलदीप ने पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से सबसे छोटे प्रारूप टी20 में मेन इन ब्लू के लिए नहीं खेला। उन्हें आगामी महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए टीम की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है।

बाएं हाथ के स्पिनर को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम में चुना गया था। लेकिन किसी भी मैच में उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। कुलदीप उम्मीद करेंगे कि एशिया कप में ऐसा न हो खासकर इसलिए क्योंकि टूर्नामेंट यूएई में हो रहा है और वहां की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिनरों के लिए ज्यादा अनुकूल हैं। मोर्केल ने कहा, मुझे लगता है कि वह एक बेहद पेशेवर खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड में खेलने के बाद से उनका रवैया ऐसा ही है। जहां उन्हें बहुत कम खेलने का मौका मिला और अब भी वह वही खिलाड़ी हैं जो ओवर डालते हैं। उन्होंने आगे कहा, और मेरे लिए कुलदीप जैसा कि मैंने कहा उसने अपने करियर में बहुत सारे ओवर फेंके हैं। वह जानता है कि टी20 और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए खुद को तैयार करने के लिए उसे क्या करना है और जैसा कि मैंने कहा हम केवल वही नियंत्रित कर सकते हैं जो हम अभी नियंत्रित कर सकते हैं और वह है जब हम अभी प्रशिक्षण करते हैं और जब हमारे सत्र होते हैं तो यह केंद्रित होता है इसके पीछे एक उद्देश्य होता है और हमारे पास लक्ष्य होते हैं। कुलदीप हाल ही में दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए नजर आए। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ प्लेऑफ में हिस्सा लिया था। लेकिन दोनों पारियों में प्रभावित करने में नाकाम रहे। 30 वर्षीय इस गेंदबाज ने मैच के दौरान 32 ओवर फेंके और कोई विकेट नहीं ले पाए।

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है: हेजलवुड




**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी। उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट से जूझ रहे हैं तथा स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। हेजलवुड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर कोई इनका हिस्सा बनना चाहता है। हमारे पास टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ बचा है।

FIFA World Cup:

## टोनाली ने विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में इटली को दिलाई जीत, इस्राइल को दी शिकस्त

**डेब्रेसेन (हंगरी), एजेंसी।** इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फ़ुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इस्राइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।



जून में नॉर्वे से 3-0 की हार के बाद इटली का क्वालिफिकेशन अभियान मुश्किल में पड़ गया था। उसकी मुश्किल तब और बढ़ गई थी जब तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए मैच में इस्राइल ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। इटली ने मोइज कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया। लेकिन इस्राइल ने दो मिनट में दो गोल करके स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। उसकी तरफ से डोर पेरेट्ज ने दो गोल किए। इसके बाद टोनाली ने खेल समाप्ति से एक मिनट पहले गोल करके इटली को पूरे अंक दिलाए। यूरोपीय क्वालिफाइंग के अन्य मैच में कोसोवो ने स्वीडन को 2-0 से, स्विट्जरलैंड ने स्लोवेनिया को 3-0 से, डेनमार्क ने यूनान को 3-0 से, स्कॉटलैंड ने बेलारूस को 2-0 से और क्रोएशिया ने मोंटेनेग्रो को 4-0 से हराया।

एशिया कप से पहले सूर्यकुमार यादव की चेतावनी

# संभल जाए पाकिस्तान, वरना भुगतना होगा अंजाम

**दुबई, एजेंसी।** एशिया कप का आयोजन इस बार यूएई में किया जा रहा है। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रही है। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच 14 सितंबर को होगा। इस महामुकाबले से पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान को हल्के अंदाज में चेतावनी दी है। उन्होंने साफ किया कि उनकी टीम मैदान पर हमेशा आक्रामक रहेगी।

भारत इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को मेजबान यूएई के खिलाफ करेगा, जबकि पाकिस्तान का पहला मैच शुक्रवार को ओमान से होगा। एशिया कप शुरू होने से पहले मीडिया से बात करते हुए सूर्यकुमार यादव ने कहा कि जब वे



मैदान पर उतरते हैं तो आक्रामकता हमेशा रहती है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट बिना आक्रामकता के नहीं खेला जा सकता।

उन्होंने अपनी टीम की तैयारियों के बारे में बताया कि भले ही टीम ने जून के बाद ज्यादा टी-20 क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और हाल ही में नेट पर बिताए गए समय से टीम पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हम चुनौती स्वीकार करते हैं। देखते हैं कि यह कैसा होता है।जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम की रणनीति में कोई बदलाव होगा, तो भारतीय कप्तान ने एक मजेदार जवाब दिया, अभी तक सब बढ़िया चल रहा है, क्यों बिना मतलब का उंगली करना है। उनका कहने का मतलब था कि अगर सब कुछ ठीक चल रहा है तो बदलाव क्यों करें।

### सूर्यकुमार की कप्तानी में पहली बड़ी परीक्षा

रोहित शर्मा के टी20 इंटरनेशनल से संन्यास के बाद सूर्यकुमार यादव भारत के फुल-टाइम कप्तान बने हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने 22 में से 17 मैच जीते हैं, जो एक शानदार रिकॉर्ड है। एशिया कप सूर्या की कप्तानी में भारत का पहला मल्टी-नेशन टूर्नामेंट होगा, जो उनके लिए एक बड़ी परीक्षा साबित होगा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया काफी मजबूत नजर आ रही है।

टेबिल टेनिसः

## अनन्या और दिव्यांशी की जोड़ी का दमदार प्रदर्शन, स्टार कंटेंडर में अंडर-15 युगल खिताब जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते।



अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

## पाकिस्तानी गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के 31 वर्षीय तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान के लिए कुल 34 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस क्रिकेटर ने दिसंबर 2019 में आखिरी बार पाकिस्तान की ओर से खेला था।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने साल 2013 में पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया। टी20 फॉर्मेट के डेब्यू के बाद उन्हें वनडे और टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका भी मिला। शिनवारी ने पाकिस्तान की ओर से 17 वनडे मैच खेले, जिसमें 18.61 की औसत के साथ 34 शिकार किए। वहीं, 16 टी20 मुकाबलों में इस गेंदबाज ने 13 विकेट निकाले। इस तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2019 में इकलौता टेस्ट मैच खेला। श्रीलंका के खिलाफ रावलपिंडी में आयोजित इस मुकाबले में शिनवारी ने 54 रन देकर सिर्फ एक ही विकेट अपने नाम किया था। इसके तुरंत बाद वह टीम से बाहर हो गए और अपना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खो दिया। शिनवारी एसीसी पुरुष वनडे एशिया कप 2018 में पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज को अपने छोटे से कार्यकाल में ही कई बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसने उनके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रास्ते बंद कर दिए।

वनडे फॉर्मेट में शिनवारी श्रीलंका के खिलाफ दो मुकाबलों में पांच शिकार कर चुके हैं। उन्होंने साल 2017 में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में 34 रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। इसके बाद साल 2019 में कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में 51 रन देकर पांच विकेट निकाले। बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज साल 2021 में रेड बॉल फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर चुका था। साल 2013 में डिपार्टमेंटल टी20 कप के फाइनल में किशोर शिनवारी ने सभी का ध्यान खींचा था। उन्होंने अपनी सीम और स्विंग के साथ 3.1 ओवरों में महज नौ रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। मिस्बाह-उल-हक की अगुवाई वाली एसएनजीपीएल टीम को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

## एशेज सीरीज से पहले इंग्लैंड को राहत, कंधे की चोट के बाद ट्रेनिंग पर लौटे स्टोक्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशेज सीरीज से पहले इंग्लैंड की टीम को बड़ी राहत मिली है। टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स कंधे की चोट के बाद ट्रेनिंग पर लौट आए हैं। ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड की टीमें पांच मुकाबलों की एशेज सीरीज 21 नवंबर से 8 जनवरी के बीच खेलेंगी। माना जा रहा था कि चोटिल होने के बाद यह अनुभवी ऑलराउंडर करीब छह या सात हफ्ते तक मैदान से दूर रह सकता है, लेकिन इंग्लैंड की काउंटी टीम डरहम के साथ नेट्स में ट्रेनिंग पर वापसी करते हुए स्टोक्स ने तमाम आशंकाओं को दूर कर दिया। डरहम के कोच रयान कैंपबेल ने पुष्टि करते हुए बताया कि स्टोक्स ट्रेनिंग के दौरान नेट्स पर बल्लेबाजी के लिए लौट आए हैं। कैंपबेल ने बीबीसी रेडियो 5 लाइव पर कहा, स्टोक्स ट्रेनिंग पर वापस आ गए हैं। पिछले हफ्ते से उन्होंने बल्लेबाजी शुरू कर दी। उनका सेशन वाकई अच्छा रहा। उन्होंने करीब दो घंटे तक बल्लेबाजी की। उनकी बल्लेबाजी अच्छी नजर आ रही है, लेकिन उन्हें गेंदबाजी में अभी काफी समय लगेगा। कैंपबेल के मुताबिक, इंग्लैंड की टीम एशेज तभी जीत सकती है, जब स्टोक्स पांचों टेस्ट मैच खेलें और अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि स्टोक्स ऐसा कर पाएंगे। कैंपबेल ने कहा, स्टोक्स टीम की बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाते हैं। वह तीसरे या चौथे तेज गेंदबाज के तौर पर एक शानदार विकल्प हैं। वह कई ओवर गेंदबाजी करते हुए आपको विकेट दिला सकते हैं। जिस तरह से वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश करते हैं, उसे देखकर मुझे हैरानी होती है।

## श्रीलंका 2019 के बाद पहली बार पाकिस्तान में ODI खेलेगा

● नवंबर में खेली जाएगी सीरीज; ट्राई सीरीज की भी मेजबानी करेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका की टीम इस साल नवंबर में वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। दोनों देशों के बीच यह तीन मैचों की सीरीज 11 से 15 नवंबर 2025 के बीच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेली जाएगी। श्रीलंका की टीम 2019 के बाद पहली बार पाकिस्तान में कोई वनडे सीरीज खेलेगी। पिछली बार जब श्रीलंका ने पाकिस्तान का दौरा किया था, तब तीन वनडे खेले गए थे, जिसमें पाकिस्तान ने 2-0 से सीरीज अपने नाम की थी। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।



## आईएसएसएफ विश्व कप के पहले दिन भारतीय निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

**निंगबो (चीन), एजेंसी।** सुरभि राव और युवा अमित शर्मा की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल में 594 के कुल क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रही। सुरभि ने 284 जबकि शर्मा ने 290 का स्कोर किया।

भारत का आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन रहा क्योंकि उसकी 10 मीटर एयर पिस्टल और राइफल मिश्रित टीमें मंगलवार को यहां फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहीं। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमशः 11वें और 13वें स्थान, जबकि 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में 14वें और 34वें स्थान पर रही। सुरभि राव और युवा अमित शर्मा की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल में 594 के कुल क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रही। सुरभि ने 284 जबकि शर्मा ने 290 का स्कोर किया। चीन ने 585 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया तथा स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में चेक गणराज्य को 17-5 से हराया। ओलंपियन रिदम सांगवान और निशांत रावत की अन्य भारतीय जोड़ी 21 टीमों में 571 अंक के साथ 13वें स्थान पर रही। रिदम ने 299 अंक बनाए, जबकि 23 वर्षीय रावत 282 अंक ही बना पाए।



10 मीटर एयर राइफल में, एशियाई खेलों की व्यक्तिगत कांस्य पदक विजेता रमिता जिंदल और मदीनेनी उमामहेश की जोड़ी 628.6 अंक के साथ 14वें स्थान पर रही। रमिता ने 312.9 जबकि उमामहेश ने 315.7 अंक बनाए। पेंग शिनलू (318.5) और दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शेंग लिहाओ (318.4) की चीनी जोड़ी ने 636.9 का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाकर क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# 10 सितंबर का ऐतिहासिक दिन, जब रियो पैरालंपिक में दो भारतीयों ने लहराया तिरंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल जगत के लिए 10 सितंबर यादगार है। इसी दिन रियो पैरालंपिक के एक ही इवेंट में भारत के दो खिलाड़ियों ने पदक जीते थे।

यह बात साल 2016 की है। मौका रियो पैरालंपिक का है। 10 सितंबर के दिन मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद के टी42 इवेंट में 1.89 मीटर की जंप के साथ नया पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए देश के लिए गोल्ड जीता।

इसी के साथ मरियप्पन ऊंची कूद में पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। 28 जून 1995 को सलेम स्थित एक छोटे से गांव में जन्मे मरियप्पन बेहद गरीब परिवार से थे। छह बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका था। ऐसे में मां दिहाड़ी मजदूरी करने के अलावा सब्जी बेचकर किसी तरह परिवार का पेट भरती। जब मरियप्पन महज पांच साल के थे, तब एक हादसे ने उनकी जिंदगी ही बदल दी। नशे में धुत एक बस ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके चलते उनके दाहिने पैर का घुटना कुचल गया। इसी हादसे ने मरियप्पन को लकड़ी के सहारे चलने को मजबूर कर दिया। मरियप्पन को खेल बहुत पसंद था। एक शिक्षक ने उन्हें ऊंची कूद के लिए प्रेरित किया और स्थानीय प्रतियोगिताओं में मरियप्पन ने खुद को साबित कर दिया। साल 2015 में सत्यनारायण ने उन्हें बेंगलुरु स्थित अपने ट्रेनिंग कैंप में शामिल किया और उनके मार्गदर्शन में इस खिलाड़ी ने देश के लिए पदक जीता। मरियप्पन को साल 2017 में पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



साल 2020 में उन्हें मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से नावाजा गया। जिस इवेंट में मरियप्पन थंगावेलु ने गोल्ड जीता, उसी इवेंट में वरुण सिंह भाटी ने 1.86 मीटर की कूद के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह व्यक्तिगत तौर पर उनका सर्वश्रेष्ठ था। 13 फरवरी 1995 को ग्रेटर नोएडा में जन्मे वरुण भाटी का पहला प्यार बास्केटबॉल था, लेकिन पोलियो के चलते वह इस खेल में अपने करियर को आगे नहीं बढ़ा सके।

वरुण भाटी खेलों में देश का नाम रोशन करना चाहते थे। ऐसे में उन्हें कोच ने ऊंची कूद के लिए प्रेरित किया। भाटी स्कूल के दिनों में ही इस खेल के लिए घंटों प्रैक्टिस करने लगे। इस बीच परिवार भी उनका भरपूर सपोर्ट कर रहा था। वरुण भाटी अपने शानदार खेल के साथ एक के बाद एक मेडल जीतते गए और पैरालंपिक गेम्स में अपनी जगह बनाई। उन्होंने पैरालंपिक में पदक जीतकर कई खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लिंगायत समुदाय ने रखी मांग- हिंदू नहीं, सर्वे में अलग धर्म के तौर पर कराएं दर्ज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** लिंगायत समुदाय की शीर्ष संस्था अखिल भारतीय वीरशैव-लिंगायत महासभा है। इसने कर्नाटक में समुदाय के लोगों से अपील की है कि वे सामाजिक-आर्थिक सर्वे में खुद को वीरशैव-लिंगायत के रूप में दर्ज कराएं। यह समुदाय हिंदुओं से अलग धर्म के रूप में मान्यता पाने की कोशिश कर रहा है। महासभा की यह अपील 22 सितंबर से शुरू होने वाले जाति गणना सर्वे से पहले आई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की सरकार, कांग्रेस नेतृत्व और राहुल गांधी के निर्देश पर इस नए सर्वे को तीन महीने में पूरा करने की योजना है। अगर लिंगायत लोग महासभा की अपील पर अमल करते हैं तो हिंदुओं की संख्या कम दिख सकती है, जो बीजेपी का मुख्य वोट बैंक माने जाते हैं। महासभा का कहना है कि पिछले सर्वे में लिंगायत को एक जाति के रूप में बांटा गया था। कर्नाटक में इनकी आबादी 11प्रतिशत दिखाई गई, जो अनुसूचित जातियों (18प्रतिशत) और मुस्लिमों (13प्रतिशत) से कम थी। समुदाय के नेता लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उनकी आबादी राज्य में लगभग 17प्रतिशत है। वन मंत्री और महासभा के उपाध्यक्ष ईश्वर खांडरे ने कहा, यह फैसला हुआ कि समुदाय के लोग धर्म के कॉलम में वीरशैव-लिंगायत, जाति के कॉलम में लिंगायत या वीरशैव और तीसरे कॉलम में अपनी उपजाति दर्ज कराएंगे। इससे सर्वे में समुदाय की असल संख्या सही तरीके से सामने आ जाएगी। सर्वे को लेकर धर्म के कॉलम में वीरशैव-लिंगायत का अलग से कोई विकल्प नहीं है, इसलिए महासभा ने लोगों से अन्य विकल्प में इसे लिखने को कहा है। महासभा के राज्य अध्यक्ष शंकर बिदरी ने वीरशैव-लिंगायत को अलग धर्म के रूप में मान्यता देने की मांग की है। कांग्रेस सरकार को यह नया सर्वे इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकि ढ्ढष्ट को कई शिकायतें मिली थीं कि पिछला डेटा गलत था। बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान के दबाव पर सिद्धारमैया सरकार तेलंगाना में किए गए सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वे की तर्ज पर यह गणना कर रही है।

### हकीकत यह है कि भाजपा 2026 में अकेले चुनाव नहीं जीत सकती : अन्नामलाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व तमिलनाडु प्रमुख के अन्नामलाई ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर खुलकर बात की। उन्होंने दावा किया है कि भाजपा 2026 का राज्य का चुनाव अकेले नहीं जीत सकती। खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर सामने आया है, जब पार्टी लगातार दक्षिण भारतीय राज्यों में विस्तार के प्रयासों में लगी हुई है। इंडिया टुडे साउथ कॉन्क्लेव 2025 में पहुंचे अन्नामलाई ने कहा कि 2026 का चुनाव क्लासिक केस होगा, जहां भाजपा इस स्थिति में नहीं होगी कि वह अपने दम पर सरकार बना ले। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विजय जैसे नए चेहरों की एंट्री ने चुनाव को और ज्यादा रोमांचक बना दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि डीएमके को सत्ता से बाहर किया जाना चाहिए। खास बात है कि राज्य में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के साथ दोबारा गठबंधन किया है। कार्यक्रम के दौरान अन्नामलाई ने कहा कि यह पार्टी का बहुत व्यावहारिक फैसला है और 2026 में इसके नतीजे मिलेंगे। उन्होंने कहा, हम गठबंधन का हिस्सा हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन बहुत अहम है। उन्होंने कहा, अगर आप 6 महीने पहले मुझसे पूछते, तो मैं कई चुनावों के लिए भाजपा के अकेले लड़ने पर जोर देता। लेकिन जब नेतृत्व सभी पक्षों को सुनता है और इस बात को मद्देनजर रखकर फैसला लेता है कि 2026 देश के लिए काफी अहम है। अंत में नेता सभी की सुनने के बाद फैसला लेते हैं। एनडीए के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर उन्होंने कहा, अमित शाह जी ने साफतौर पर कहा था कि ईपीएस जी एनडीए के मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। हम लोगों को कन्फ्यूज नहीं कर सकते। पार्टी एक तरफ है, विचारधारा एक तरफ है। लोगों के नेता चाहिए और अगर वह ईपीएस हैं।

### बिहार तक जा सकती है पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस में लेट कर सफर करने का मौका जल्द ही मिलने वाला है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि रेलवे दीवाली से पहले ही बड़ी खुशखबरी दे सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर अभी कोई ऐलान नहीं हुआ है। फिलहाल, पटरियों पर दौड़ रहीं वंदे भारत ट्रेनों में चेयर कार की सुविधा थी, लेकिन अब पहली स्लीपर ट्रेन सरपट भागने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सेवाएं दीवाली से पहले शुरू हो सकती हैं। यह ट्रेन बिहार की राजधानी पटना से सुबह 8 बजे निकलेगी और अगले दिन सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचेगी।

# एक जोन-एक ऑपरेटर मास्टर प्लान से दिल्ली में यमुना को मिलेगा नया जीवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गंदगी और सीवर सिस्टम की समस्याओं से जूझ रही राजधानी दिल्ली अब एक बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने सीवर मास्टरप्लान 2043 की रूपरेखा तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है, जो अगले दो दशकों तक दिल्ली की सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने का रोडमैप होगा। इस योजना के तहत एक्सपर्ट्स और परामर्शदाता कंपनियों को नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी किए गए हैं, जो सर्वे, गैप एनालिसिस और मौजूदा 2031 मास्टरप्लान की समीक्षा करेंगे।

**एक जोन, एक ऑपरेटरमॉडल लाएगा तेजी :** जल बोर्ड ने दिल्ली के विशाल सीवर नेटवर्क को चार जोन में बांटकर एक जोन-एक ऑपरेटर मॉडल अपनाने का फैसला किया है। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी एक निजी एजेंसी को सौंपी जाएगी। अभी तक सीवर लाइनों की मरम्मत, शिफ्टिंग और अपग्रेडेशन का काम छोटे-छोटे ठेकों के जरिए टुकड़ों में हो रहा था। जलबोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, अलग-अलग ठेकेदार अलग-अलग हिस्सों पर काम करते हैं, जिससे देरी और जवाबदेही की कमी रहती है। नया मॉडल इसे तेज और पारदर्शी बनाएगा। यह नया ढांचा न केवल काम को सुव्यवस्थित करेगा, बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगा। जलबोर्ड का लक्ष्य है कि इस मॉडल से सीवर प्रणाली की दक्षता बढ़े और यमुना में अनट्रीटेड सीवेज का प्रवाह कम हो।



**यमुना की सेहत सुधारने की बड़ी योजना :** इस मास्टरप्लान का सबसे बड़ा लक्ष्य है यमुना नदी को प्रदूषण से मुक्त करना। दिल्ली की 10,720 किलोमीटर लंबी सीवर लाइनों और 38 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) के बावजूद, इस मानसून में बुरारी, रोहिणी और बेला रोड जैसे इलाकों में सीवर का बैकफ्लो देखने को मिला। जल बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, नया मास्टरप्लान सीवर पंपिंग स्टेशनों की कमी को दूर करेगा और ड्रोन-आधारित टोपोग्राफिक मैपिंग जैसे आधुनिक तरीकों से सटीक सर्वे किए जाएंगे। 2031 के मास्टरप्लान में सभी घरों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने और यमुना में अनट्रीटेड सीवेज का शून्य प्रवाह सुनिश्चित करने का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक केवल 83प्रतिशत आबादी ही इससे जुड़ पाई है। अनधिकृत कॉलोनियों में प्रगति धीमी रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 2031 के लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। नया प्लान इन कमियों को दूर करेगा और 2043 तक एक मजबूत ढांचा तैयार करेगा।

**सीवेज ट्रीटमेंट में कमी, 23प्रतिशत गंदा पानी यमुना में :** दिल्ली में हर दिन लगभग 990 मिलियन गैलन गंदा पानी उत्पन्न होता है, जो जल आपूर्ति का 80 प्रतिशत है। लेकिन शहर के 37 एसटीपी की कुल क्षमता केवल 667 मिलियन गैलन प्रतिदिन है और वास्तव में केवल 565 मिलियन गैलन का ही उपचार हो पाता है। इसका मतलब है कि 227 मिलियन गैलन (लगभग 23) अनट्रीटेड सीवेज नालों, जलाशयों और यमुना में बह रहा है। यमुना एक्शन प्लान के तहत जल बोर्ड को जून 2027 तक सीवेज ट्रीटमेंट क्षमता को दोगुना करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए नए प्लांट्स बनाए जाएंगे, मौजूदा प्लांट्स का विस्तार होगा और नेटवर्क की दक्षता बढ़ाई जाएगी।

**जनता की मांग, एकीकृत ड्रेनेज प्रणाली :** यूनाइटेड आरडब्ल्यूए जॉइंट एक्शन के प्रमुख अतुल गोयल ने इस नए मॉडल का स्वागत किया, लेकिन एक सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा, सीवर और स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम को एक ही एजेंसी के तहत लाया जाना चाहिए। दिल्ली में कई जगहों पर दोनों सिस्टम आपस में मिले हुए हैं, जिससे बारिश का पानी बर्बाद होता है और सीवर का बैकफ्लो आम हो गया है।

**क्या है एक्सपर्ट्स की चिंता :** एक्सपर्ट्स का कहना है कि दिल्ली की सीवर व्यवस्था में कई खामियां हैं। मौजूदा एसटीपी का उपयोग पूरी क्षमता से नहीं हो रहा और सीवेज उत्पन्न होने की गणना में भी असमानताएं हैं। नया मास्टरप्लान इन कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा, लेकिन इसके लिए कड़ाई से लागू करने और समयबद्ध कार्ययोजना की जरूरत होगी।

## जाम से बचाने के लिए 155 और पुलिसकर्मी तैनात होंगे, ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट की तैयारियां

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान जाम से बचाने के लिए यातायात विभाग में तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए थानों और चौकियों पर तैनात 155 पुलिसकर्मियों का यातायात विभाग में स्थानांतरण किया गया है।

सेक्टर-108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में इनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या अब 750 हो गई है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में यातायात प्रबंधन काफी महत्वपूर्ण है। इसमें भारी संख्या में विदेशी मेहमान शामिल होंगे। देश-विदेश के कई वीवीआईपी भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। लोगों को सुरक्षित और जाम मुक्त यातायात उपलब्ध कराने के लिए ट्रैफिक विभाग में पुलिसकर्मियों को बढ़ाया गया है। इंडोर और आउटडोर प्रशिक्षण ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का कराया जा रहा है। निरीक्षक, उपनिरीक्षक, आरक्षी और मुख्य आरक्षी को एमवी ऐक्ट, यातायात संकेत, यातायात नियमों, यातायात उपकरणों, लोगों से वार्तालाप और व्यवहार के तरीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह सब अधिकारियों की निगरानी में हो रहा



है। यातायात पुलिसकर्मियों को अंग्रेजी समेत अन्य भाषाओं की जानकारी भी दी जा रही है ताकि विदेशी मेहमानों से वार्तालाप में उन्हें कोई दिक्कत न आए। सड़क हादसे की दशा में कैसे घायल को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना है और सीपीआर देने समेत अन्य जानकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिसकर्मी हासिल कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभागार में पांच दिन तक विभाग के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अन्य दोनों दिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी शहर के प्रमुख चौराहों पर इस मकसद से लगाई जा रही है कि वह यातायात प्रबंधन कैसे करना है, इसको सीख सकें। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी टीएसआई की मौजूदगी में लगाई जा रही है। टीएसआई की देखरेख में ही पुलिसकर्मियों का पूरा प्रैक्टिकल हो रहा है। प्रशिक्षण में क्या सिखाया गया और पुलिसकर्मियों ने क्या सिखा, इसकी समीक्षा भी डीसीपी यातायात की ओर से की जा रही है, ताकि अगर कोई कमी है तो उसे समय रहते ही दूर किया जा सके।

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को मिल गया घर, लुटियंस जोन में आवंटित हुआ टाइप-8 बंगला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राजधानी दिल्ली के लुटियंस जोन में स्थित 34, एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर एक टाइप-8 श्रेणी का बंगला आवंटित किया गया है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर सोमवार को यह जानकारी दी। नियमों के अनुसार सभी पूर्व राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति टाइप-8 बंगलों के हकदार होते हैं। यह आवंटन धनखड़ के अचानक 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर इस्तीफा देने के लगभग डेढ़ महीने बाद हुआ है। इससे पहले यह आवास वी.के. सिंह के पास था, जो वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल हैं और पहले केंद्र में राज्य मंत्री रह चुके हैं। अस्थायी निवास से अब स्थायी पते पर शिफ्ट धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद दक्षिण दिल्ली के छतरपुर स्थित एक एस्टेट में अस्थायी रूप से निवास किया था। यह संपत्ति इंडियन नेशनल लोक दल प्रमुख अभय सिंह चौटाला की है। अब उन्हें आधिकारिक तौर पर सरकारी आवास मिल गया है। धनखड़ का अचानक हुआ था इस्तीफा धनखड़ ने संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन रात लगभग 9 बजे इस्तीफा दिया था। अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा था, स्वास्थ्य कारणों को प्राथमिकता देते हुए और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार मैं तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के तहत लिया गया है।

उन्होंने आगे कहा था कि उपराष्ट्रपति रहते हुए देश की लोकतांत्रिक यात्रा और आर्थिक प्रगति का साक्षी होना उनके लिए विशेष सम्मान और संतोष की बात रही है। हालांकि विपक्ष का आरोप है कि धनखड़ को सरकार के दबाव में इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि उन्होंने विपक्ष समर्थित एक नोटिस- जिसमें पूर्व हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा के महाभियोग का प्रस्ताव था, उसको स्वीकार किया था।धनखड़ पहले उपराष्ट्रपति थे जिन्होंने संसद परिसर के पास नवनिर्मित 'उपराष्ट्रपति एन्क्लेव' में निवास किया। वे पिछले साल अप्रैल में इस नए आवास में शिफ्ट हुए थे। इससे पहले सभी उपराष्ट्रपति मौलाना आजाद रोड स्थित सरकारी बंगले में रहते थे।

## दरगाह में अशोक पट्टिका का मामलाः उमर ने माफी की रखी मांग, महबूबा बोलीं- एफआईआर दर्ज करो

**जम्मू , एजेंसी।** जम्मू में हजरत बल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक वाली पट्टिका से तोड़फोड़ का मामला गरमाया हुआ है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मुसलमानों की भावनाओं को आहत करने के लिए जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज होनी चाहिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पीडीपी ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए निगीन थाने में संपर्क किया था, लेकिन वहां इनकार कर दिया गया। उन्होंने कहा, 'निगीन थाने में वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करने से इनकार किए जाने के बाद पीडीपी अब हजरत बल थाने का रुख करेगी। मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस से आग्रह करती हूं कि अपराध की गंभीरता को देखते



हुए तुरंत प्राथमिकी दर्ज की जाए। जानबूझकर मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है।'

हजरत बल दरगाह में शुक्रवार को अशोक चिह्न वाली पट्टिका को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसके बाद कश्मीर में बड़ा विवाद पैदा हो गया था। अधिकतर राजनीतिक दलों ने अंद्राबी पर दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने व उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वक्फ बोर्ड को इस गलती के लिए माफी मांगनी चाहिए क्योंकि राष्ट्रीय प्रतीक सरकारी समारोहों के लिए है, धार्मिक संस्थानों के लिए नहीं।

**पट्टिका को क्षतिग्रस्त करने की निंदा :** नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जैसे दलों ने कहा कि दरगाह में अशोक चिह्न का इस्तेमाल भड़काऊ और ईशनिंदा वाला कदम था। भाजपा ने पट्टिका को क्षतिग्रस्त करने की निंदा करते हुए दावा किया कि यह घटना घाटी में आतंकवाद व अलगाववाद को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। यह पट्टिका गुरुवार को हजरत बल दरगाह के अंदर लगाई गई थी, जहां पैगंबर मोहम्मद के पवित्र चिह्न रखे हैं। इससे मुस्लिम समुदाय में रोष फैल गया और लोगों का कहना था कि दरगाह के अंदर कोई भी आकृति या प्रतीक रखना इस्लामी सिद्धांत के खिलाफ है। इसके बाद शुक्रवार की नमाज के बाद अज्ञात व्यक्तियों की ओर से पट्टिका को खंडित कर दिया गया, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अंद्राबी ने प्रतीक चिह्न को क्षतिग्रस्त करने वाले लोगों के खिलाफ जन सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने सहित कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की जिसके बाद विवाद और बढ़ गया। अब्दुल्ला ने अंद्राबी की प्रतिक्रिया की निंदा करते हुए कहा कि बोर्ड ने लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और अब धमकियों का इस्तेमाल कर रहा है। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने एक पोस्ट में दावा किया कि मुसलमान कानून के निशाने पर हैं।

## हिमाचल प्रदेश पूर्ण साक्षर राज्य घोषित 99.30 फीसदी साक्षरता रेट

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश ने पूर्ण साक्षर राज्य का दर्जा हासिल किया है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सोमवार को शिमला में आयोजित %पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह एवं उल्लास मेला-2025 में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने यह उपलब्धि निर्धारित समय सीमा से पहले हासिल की है। सीएम सुक्खू ने कहा कि निरक्षरता से पूर्ण साक्षरता की यात्रा आसान नहीं थी, लेकिन राज्य ने शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए और आज 99.30 फीसदी साक्षरता दर प्राप्त कर ली है। यह दर राष्ट्रीय औसत 80.9 प्रतिशत से कहीं अधिक है।



मिजोरम, त्रिपुरा और लक्षद्वीप को छोड़ा पीछे उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य को तभी पूर्ण साक्षर राज्य माना जाता है जब उसकी साक्षरता दर 95 प्रतिशत से ऊपर हो। मिजोरम, त्रिपुरा और लक्षद्वीप जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए हिमाचल साक्षरता में देशभर में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1971 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हुए हैं। सरकार ने पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू करने, डे बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को लागू करने जैसे कई कदम उठाए हैं। शिक्षा क्षेत्र में भावी योजना पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अब सरकार का मुख्य फोकस गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर होगा और प्रदेश को विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थानों की दिशा में आगे ले जाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात आज देश में सबसे बेहतर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उन अधिकारियों, स्वयंसेवकों और नव साक्षरों को सम्मानित किया, जिन्होंने इस उपलब्धि में योगदान दिया।

## अब मराठा-ओबीसी के बीच टकराव; अपनों ने ही बढ़ाई सीएम फडणवीस की टेंशन, पक्ष-विपक्ष मिल खोला मोर्चा



**मुंबई, एजेंसी।** देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महाराष्ट्र की एनडीए सरकार नई टेंशन में उलझ गई है। अभी हाल ही में मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल और मराठों को शांत करने के लिए जो सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी किया गया है, उसका उनकी सरकार के मंत्री समेत विपक्षी दलों के ओबीसी नेताओं ने भी विरोध किया है। इन बीसी नेताओं ने अब जीआर के खिलाफ अदालत जाने का फैसला किया है। दरअसल, सरकार ने जीआर जारी कहा था कि पात्र मराठों को कुनबी जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। कुनबी जाति ओबीसी समुदाय के तहत आता है। राज्य सरकार के इस फैसले का फडणवीस सरकार में ही मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल ने विरोध किया है और कहा है कि सरकारी आदेश से ओबीसी के मौजूदा आरक्षण पर असर पड़ेगा। भुजबल उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी एनसीपी के वरिष्ठ नेता हैं और राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री हैं। हैदराबाद गजट लागू करने और जीआर जारी करने के सरकार के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में ओबीसी समुदाय के बीच तेजी से असंतोष उभरा है। सरकारी आदेश के विरोध में कई लोग भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं और आंदोलन शुरू कर दिया है। ओबीसी कैटगरी में 374 जातियाँ हैं और सभी अपने-अपने तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच, ओबीसी नेता छगन भुजबल ने कहा है कि वो सरकारी आदेश के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट जाएंगे। भुजबल ने कहा, हम समता परिषद के माध्यम से अपना रास्ता अपना रहे हैं। दूसरी तरफ, इसी मुद्दे पर एक दुर्लभ सियासी गठजोड़ भी उभरा है। दलगत नीतियों से ऊपर उठकर कई दलों के ओबीसी नेताओं ने इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाई है। कांग्रेस के ओबीसी नेता विजय वडेट्टीवार के नेतृत्व में कई ओबीसी नेताओं ने राज्य सरकार के इस कदम के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए मुंबई में सोमवार को बैठक की। वडेट्टीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उस टिप्पणी की आलोचना की, जिसमें फडणवीस ने कहा था कि मराठों को ओबीसी का दर्जा देने से मौजूदा ओबीसी समुदाय के आरक्षण पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वडेट्टीवार ने कहा, हमारी बैठक पार्टी लाइन से ऊपर है। मुख्यमंत्री को जो कहना है कहने दीजिए। इस सरकारी आदेश से ओबीसी समुदाय को नुकसान ही होगा।

# पश्चिम विरोधी गठबंधन में शामिल नहीं होगा भारत, मोदी ने दिया संदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया कूटनीतिक कदमों के जरिए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब चीन और रूस के नेतृत्व वाले पश्चिम विरोधी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगा। यह दावा अमेरिकी-चीन संबंधों के एक प्रमुख विशेषज्ञ गॉर्डन चांग ने किया है। चांग ने कहा कि पीएम मोदी की हाल की बहुपक्षीय बैठकों में चुनिंदा भागीदारी दर्शाती है कि भारत बेहद सावधानीपूर्वक कूटनीतिक संतुलन की रणनीति अपना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत को लेकर अपने सख्त बयानों से पीछे हटते हुए नरमी दिखाई है। इससे संकेत मिलता है कि बीते कुछ महीनों से चले आ रहे व्यापार और तेल आयात को लेकर तनावपूर्ण रिश्तों में अब सुधार हो रहा है। हाल ही में ट्रंप ने अपने बयान में कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध रखता हूं, जैसा कि आप जानते हैं। मोदी हमेशा मेरे अच्छे दोस्त रहेंगे। इसे नई दिल्ली को आश्वस्त करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रंप ने पहले भारत के रूस से तेल खरीदने पर नाराजगी जताई थी और भारत पर 50 फीसदी का भारी भरकम टैरिफ लगाया है।

**मोदी का संतुलित कूटनीतिक संदेश :** चांग ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी बात को थोड़ा पीछे खींच लिया है और उन्हें ऐसा करना भी चाहिए, क्योंकि हमने भारत को चीन के हाथों नहीं खोया है। गॉर्डन चांग ने प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक रणनीति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने हालिया



बहुपक्षीय मंचों पर यह संदेश दिया कि भारत फिलहाल चीन, रूस, उत्तर कोरिया और ईरान द्वारा बनाए जा रहे एंटी-वेस्टर्न ब्लॉक का हिस्सा नहीं बनना चाहता। चांग ने प्रधानमंत्री मोदी की हाल की कूटनीतिक गतिविधियों की ओर ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि मोदी ने 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई नेताओं से उच्चस्तरीय बातचीत की। हालांकि, पीएम मोदी ने 3 सितंबर को बीजिंग में आयोजित भव्य सैन्य परेड में हिस्सा नहीं लिया और वे एससीओ सम्मेलन समाप्त होने के बाद ही स्वदेश लौट आए। इसके विपरीत, रूस, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान और ईरान के नेता उस आयोजन में शामिल हुए, जिसे चीन ने अपनी सैन्य ताकत के प्रदर्शन के रूप में पेश किया। गॉर्डन चांग ने भारत की नाराजगी पर टिप्पणी करते हुए कहा, मोदी की भी बात सही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने जो 25 प्रतिशत टैरिफ रूस से तेल खरीद पर लगाया, वह अनुचित था। हालांकि मेरी राय में यह राष्ट्रपति ट्रंप का सही कदम था, लेकिन मोदी की आपत्ति भी जायज है। तनाव के बीच भी ट्रंप ने भारत-अमेरिका रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश करते हुए मोदी से अपनी करीबी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैं मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध रखता हूं। इसके कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वह ट्रंप की भावनाओं की पूर्ण सराहना और पूरी तरह से समर्थन करते हैं। अमेरिका ने भारत पर 7 अगस्त को 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसके बाद 27 अगस्त से प्रभावी होने वाला एक और 25 प्रतिशत टैरिफ जोड़ा गया, जिससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया। ये टैरिफ दो अलग-अलग मुद्दों से जुड़े हैंः पहला, दोनों देशों के बीच 1 अगस्त तक व्यापार समझौते पर सहमति न बन पाने के कारण, और दूसरा, रूस से तेल आयात के कारण लगाया गया है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक और प्रकाशक शरद पाराशर द्वारा साईं प्रिंटर्स म.नं. 19 शॉप नं. 3 जिंसी पुलिस चौकी के पास जहांगीराबाद, भोपाल म.प्र.से मुद्रित करवाकर ए-52 कस्तूरबा नगर भोपाल से प्रकाशित।
संपादक- शरद पाराशर मो.9425023929, समाचार सम्पादक :-सेजल दीक्षित (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)